वर्ष 24, अंक 272, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 11 अप्रैल 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## वृंदावन में यमुना में पलटा स्टीमर

## हादसे में 10 की मौत और कई लापता

### सीएम योगी ने लिया हादसे का संज्ञान

वहीं मथुरा में नाव पलटने की घटना का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है, वहीं मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा देने का भी निर्देश दिया है.




**वृंदावन**

**मथुरा** से बड़ी खबर सामने आ रही है, वृंदावन में यमुना नदी में एक स्टीमर पलट जाने से हड़कंप मच गया. यह हादसा केशी घाट के पास हुआ, जहां स्टीमर में सवार करीब 25 लोग अचानक दुर्घटना का शिकार हो गए. इस हादसे में 10 लोगों की मौत की खबर सामने आ रही है. प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, इस हादसे में करीब एक दर्जन लोग लापता बताए जा रहे हैं, जबकि कई लोगों की डूबने से मौत की आशंका जताई जा रही है.

इस हादसे को लेकर डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि यमुना नदी में 2:45 बजे एक बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी. लुधियाना से लगभग 30 लोग आए थे, जो नावों में यमुना नदी भ्रमण रहे थे. यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना केसी घाट के पास हुई, जिसमें एक नाव डूब गई. बिहारी जी की कृपा से सभी लोग बचा लिए जाएँगे, हमने यहां के आर्मी स्टेशन से मदद के लिए संपर्क किया है, हमने उनकी मदद मांगी है उनके लोग भी आ रहे हैं.

डीएम ने कहा कि हमारा काम लोगों की जान बचाना है, अस्पतालों को भी अलर्ट कर दिया गया है. रामकृष्ण मिशन अस्पताल हमारा सबसे बड़ा अस्पताल है, हमने इसे हाई अलर्ट पर रखा है.

पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची

इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई. गोताखोरों की मदद से तेजी से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है. अब तक 13 लोगों को यमुना नदी से बाहर निकाला जा चुका है, जिनमें 8 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि 5 लोग सुरक्षित हैं. यमुना नदी में लगातार रेस्क्यू अभियान जारी है और मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है. प्रशासन लापता लोगों की तलाश में जुटा हुआ है.

वहीं इस घटना को लेकर एसपी मथुरा (ग्रामीण) सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि यमुना नदी में एक नाव पलटने की घटना सामने आई है. 22 लोगों को निकालकर तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया है, सभी तथ्यों की गहन जांच की जा रही है.

SP ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने कहा कि बचाए गए लोगों को तुरंत एम्बुलेंस और आठ ढफ्र (पुलिस रिस्पॉन्स व्हीकल) यूनिट्स के जरिए अस्पताल पहुँचाया गया. हम अभी स्थिति का जायजा ले रहे हैं ताकि यह पता चल सके कि कितने लोग सुरक्षित हैं और कितने लोगों की दुखद रूप से जान चली गई है. यहां एक पीपा पुल बना हुआ है, चूंकि यह खराब हालत में था, इसलिए एक एजेंसी पोंटूनों पर मरम्मत का काम कर रही थी. ऐसा शक है कि यह हादसा शायद इसी चल रहे मरम्मत के काम की वजह से हुआ है।

## अमित शाह ने किया चुनावी घोषणापत्र जारी

**पश्चिम बंगाल**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने शुक्रवार को चुनावी घोषणापत्र जारी किया, जिसे पार्टी ने 'भरोसा पत्र' नाम दिया है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोलकाता में आयोजित एक कार्यक्रम में इस संकल्प पत्र को जारी किया.घोषणापत्र में महिलाओं, युवाओं और किसानों समेत सभी प्रमुख वर्गों को ध्यान में रखा गया है. इसमें कई योजनाओं और नकद सहायता के वादे भी शामिल हैं.

असम, केरलम और पुडुचेरी में

### ● ममता बनर्जी का उद्देश्य भतीजे को सीएम बनाना: अमित शाह

गुरुवार को विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग हुई. शाम 6 बजे तक पुडुचेरी में 89.87 फीसदी, असम में 85.91 फीसदी और केरलम में 78.27 फीसदी मतदान हुआ. बंपर वोटिंग के बाद अब उम्मीदवारों की किस्मत एश्ट में कैद हो गई है. अब लोगों को बंगाल चुनाव और तमिलनाडु में होने वाले मतदान का इंतजार है.

### ● बंगाल में चार शादी की नहीं होगी परमिशन: अमित शाह

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोलकाता पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है. कोलकाता पुलिस आयुक्त अजय नंद ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को रात 10 बजे से 2 बजे तक सड़कों पर गश्त करने के निर्देश दिए हैं. गुरुवार को आयोजित बैठक में पुलिस आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि वे रात के समय क्षेत्रों में सक्रिय रूप से मौजूद रहें और निरीक्षण करें. उन्होंने चुनाव से जुड़े सभी मामलों में कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने को कहा, ताकि घटनाओं की गंभीरता समझकर तुरंत आवश्यक निर्देश दिए जा सकें.

बैठक में शहर के ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर और डिप्टी कमिश्नर स्तर के अधिकारी भी मौजूद थे. उन्हें भी रात में गश्त और नाका चेकिंग के दौरान उपस्थित रहकर पूरे अभियान की निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं।

## ममता सरकार ने स्कूल नहीं, मदरसे बनवाए

**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम बंगाल** में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पश्चिम मेदिनीपुर के डेबरा में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया और तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। शाह ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार गरीब छात्रों के लिए शैक्षिक बुनियादी ढांचे में सुधार करने के बजाय मदरसे बनाने को प्राथमिकता देती है। उन्होंने सत्ताधारी पार्टी पर विकास के प्रमुख मुद्दों की अनदेखी करने का आरोप लगाया और दावा किया कि टीएमसी की नीतियां वंचित समुदायों को और भी पीछे धकेल रही हैं।



शाह ने घाटाल में बाढ़ की पुरानी समस्या का भी ज़िक्र किया और टीएमसी की इस बात के लिए आलोचना की कि उसने केंद्र सरकार के एक बड़े प्रस्ताव को ठुकरा दिया। घाटाल में बाढ़ आने के बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने घाटाल के विकास के लिए 1,500 करोड़ रुपये की एक मास्टर प्लान भेजी थी। इस फंड का 60% हिस्सा प्रधानमंत्री मोदी को देना था, लेकिन टीएमसी सरकार ने घाटाल मास्टर प्लान को ही रद्द कर दिया। वोटरों से सीधे जुड़ते हुए शाह ने आगे कहा, "चिंता मत कीजिए, इखढ की सरकार बनाइए... हम एक साल के अंदर घाटाल मास्टर प्लान को लागू करेंगे और बाढ़ की समस्या को हमेशा के लिए खत्म कर देंगे।" उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि अगर भारतीय जनता पार्टी चुनाव जीतती है, तो इस प्रोजेक्ट पर तेजी से काम किया जाएगा ताकि इस इलाके को बाढ़ से हमेशा के लिए राहत मिल सके।

शाह ने ममता पर घुसपैठियों को बचाने का आरोप लगाया

शाह ने ममता पर घुसपैठियों को बचाने का भी आरोप लगाया और जोर देकर कहा कि अगर बीजेपी सत्ता में आती है, तो वह राज्य से हर अवैध प्रवासी की पहचान करके उसे बाहर निकाल देगी। टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की ओर इशारा करते हुए शाह ने कहा कि यहाँ के लोग परेशान हैं।

## लेबनान में नागरिकों की बढ़ती मौतों पर भारत ने जताई चिंता

**पश्चिम एशिया**

**पश्चिम एशिया** में बढ़ते तनाव के बीच इस समय पूरी दुनिया की नजर पाकिस्तान पर टिकी हुई है, जहां ईरान और अमेरिका के बीच अहम वार्ता होनी है। लेकिन हालात बेहद अलग तस्वीर दिखा रहे हैं। इस्लामाबाद में सन्नाटा पसरा हुआ है, कड़ी सुरक्षा के बीच लगभग लॉकडाउन जैसी स्थिति बना दी गई है और सड़कों पर आवाजाही बेहद सीमित है। जिन प्रतिनिधिमंडलों को इस वार्ता में शामिल होना है, उनके आने को लेकर अब भी संशय बना हुआ है। हालात ऐसे हैं मानो पाकिस्तान वार्ता की मेज सजाकर,



समोसे और जलेबी रखकर इंतजार कर रहा हो, लेकिन मेहमान अभी तक पहुंचे ही नहीं हैं।

उधर, ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच बढ़ते टकराव के साथ लेबनान की स्थिति और जटिल हो गई है, जबकि भारत सहित कई देश इस पूरे घटनाक्रम पर करीबी नजर बनाए हुए हैं। भारत के विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि वह पश्चिम एशिया की स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है और खाड़ी क्षेत्र के देशों के साथ संपर्क बनाए हुए है। साथ ही भारत सरकार ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री के निर्देश पर विभिन्न मंत्री खाड़ी देशों की यात्रा कर रहे हैं। विदेश मंत्री की यात्रा के तहत संयुक्त अरब अमीरात के साथ संबंधों को और मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है, जबकि पेट्रोलियम मंत्री कतर में ऊर्जा सहयोग को लेकर बातचीत कर रहे हैं।

भारत ने अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए विविध स्रोतों की नीति अपनाई है। इसी क्रम में रूस और अमेरिका दोनों से ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही भारत अपने पड़ोसी देशों की सहायता भी कर रहा है। हाल ही में श्रीलंका को पेट्रोलियम उत्पाद की आपूर्ति की गई, जबकि मॉरीशस के साथ तेल और गैस आपूर्ति को लेकर समझौते को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

दूसरी ओर, लेबनान में हालात चिंताजनक बने हुए हैं। इजराइल के हमलों के कारण नागरिकों की बढ़ती मौतों पर भारत ने गहरी चिंता जताई है।

## फर्जी डिग्री रैकेट का भंडाफोड़ कर 7 को किया

**गोविंदपुरी**

**दक्षिण-पूर्वी** दिल्ली की गोविंदपुरी पुलिस ने संगठित शैक्षणिक धोखाधड़ी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में फर्जी डिग्री और मार्कशीट तैयार करने और बेचने वाले एक सुनियोजित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। 6 अप्रैल, 2026 को प्राप्त विशिष्ट खुफिया सूचनाओं के आधार पर, एक समर्पित पुलिस टीम ने गोविंदपुरी के रविदास मार्ग की दूसरी मंजिल पर स्थित टीए-205 पर छापा मारा। यह अभियान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (अतिरिक्त डीसीपी-क/एसईडी) जसबीर सिंह की देखरेख में, एसीपी कालकाजी



वीकेपीएस यादव और एसएचओ गोविंदपुरी हरनीत सिंह सूडान (आईपीएस) के मार्गदर्शन में चलाया गया। छापेमारी के दौरान, पुलिस ने गिरोह चलाने के आरोप में सात लोगों को गिरफ्तार किया और मौके पर मौजूद 28 अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी के दौरान आरोपियों को जाली शैक्षणिक दस्तावेज छापते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया।

## पप्पू यादव का बड़ा बयान, 'शायद मोदी जी नीतीश जी को प्रधानमंत्री पद ऑफर करेंगे

**बिहार**

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार (10 अप्रैल) को दिल्ली में राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली. पीएम मोदी ने भी उन्हें बधाई दी है. इसे लेकर अब पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि शायद नरेंद्र मोदी जी नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री पद ऑफर करेंगे. अगर ऐसा हुआ तो बिहार उन्हें हमेशा याद रखेगा.



पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "मुख्यमंत्री नीतीश जी को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने पर प्रधानमंत्री साहब से बधाई मिली है. मुझे लगता है कि शायद मोदी जी नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री पद की ऑफर करेंगे. अगर ऐसा हुआ तो बिहार उन्हें हमेशा याद रखेगा. ऐसा इसलिए लगता है क्योंकि किसी को मुख्यमंत्री पद छोड़कर सांसद बनने पर बधाई देना उचित नहीं लगता. प्रधानमंत्री पद के लिए बधाई देना अधिक उचित होगा."

चारों सदनों के सदस्य की लिस्ट में शामिल हुए नीतीश कुमार

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के बाद चारों सदनों के सदस्य रहने वाले चुनिंदा नेताओं की लिस्ट में शामिल हो गए।

## दूसरा इंटीग्रेटेड एयर ड्रॉप टेस्ट सफल

**नई दिल्ली**

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने 10 अप्रैल को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में दूसरा इंटीग्रेटेड एयर ड्रॉप टेस्ट पूरा किया। इस टेस्ट में, एक नकली क्रू मॉड्यूल (वह कैप्सूल जिसमें अंतरिक्ष यात्री मानव उड़ान के दौरान पृथ्वी पर वापसी और लैंडिंग के समय बैठते हैं) को भारतीय वायु सेना के चिनूक हेलीकॉप्टर द्वारा लगभग 3 ' की ऊंचाई तक ले जाया गया और श्रीहरिकोटा तट के पास समुद्र में एक तय ड्रॉप जोन के ऊपर छोड़ दिया गया। इस नकली क्रू मॉड्यूल



का वजन लगभग 5.7 टन है, जो पहले बिना क्रू वाले गगनयान मिशन में इस्तेमाल होने वाले क्रू मॉड्यूल के वजन के बराबर है। बता दें कि आईएडीटी के तहत एक डमी क्रू मॉड्यूल को भारतीय वायुसेना के भारी विमान या हेलीकॉप्टर से कई किलोमीटर की ऊंचाई से गिराया जाता है। इस प्रक्रिया के दौरान यह परखा जाता है कि पैराशूट तय समय पर सही क्रम में और बिना किसी तकनीकी गड़बड़ी के खुलते हैं या नहीं। हाल ही में हुए आईएडी टू परीक्षण की सफलता यह साबित करती है कि इसरो का पैराशूट और रिकवरी सिस्टम पूरी तरह भरोसेमंद है और भविष्य में अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने में सक्षम है। सरकार ने गगनयान कार्यक्रम के लिए लगभग ?100 करोड़ आवंटित किए हैं। यह मिशन अब अपने अंतिम चरण में है और पहली मानव युक्त उड़ान 2027 की पहली तिमाही में होने की उम्मीद है।

## कांगड़ा में दर्दनाक हादसा, खाई में गिरी श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली, 3 की मौत, 13 घायल

**हिमाचल प्रदेश**

**हिमाचल प्रदेश** के कांगड़ा में एक दर्दनाक हादसा हो गया. जहां पंजाब से आए श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर-ट्रॉली गहरी खाई में गिर गई. यह हादसा एनएच-503 पर ढलियारा के पास उस जगह हुआ जिसे स्थानीय लोग खूनी मोड़ के नाम से जानते हैं. बताया जा रहा है कि करीब 90 फीट गहरी खाई में गिरने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई.

चिंतपूर्णी से ज्वालाजी जा रहे थे श्रद्धालु

जानकारी के मुताबिक, पंजाब के कपूरथला से करीब 35 श्रद्धालुओं का जत्था ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर पहले चिंतपूर्णी मंदिर में दर्शन कर चुका था और वहां से ज्वालामुखी मंदिर की ओर जा रहा था. रास्ते में ढलियारा के तीखे मोड़ पर अचानक ट्रैक्टर के ब्रेक फेल हो गए, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और ट्रॉली सीधा खाई में जा गिरी.

3 की मौत, कई गंभीर घायल

देहरा के पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी के अनुसार, हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 13 लोग घायल हुए हैं. इनमें से 6 की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय टांडा रेफर किया गया है. राहत की बात यह रही कि 9 बच्चे समेत कुछ लोग पूरी तरह सुरक्षित बच गए।

## चारधाम यात्रा से पहले मॉकड्रिल, राहत राशि पर घमासान; पीएम मोदी के दौरे से पहले सियासत तेज

**उत्तराखंड**

**चारधाम** यात्रा से पहले उत्तराखंड में आपदा प्रबंधन की तैयारियों को लेकर NDMA और USDMA ने मिलकर प्रदेश के सात जनपदों उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी, पौड़ी, देहरादून और हरिद्वार में एक साथ मॉकड्रिल आयोजित की गयी. इस अभ्यास में सभी संबंधित अधिकारी और सातों जिलों के जिलाधिकारी मौजूद रहे. हर साल चारधाम यात्रा के दौरान पहाड़ी रास्तों पर लाखों श्रद्धालु निकलते हैं. किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित और समन्वित प्रतिक्रिया के लिए यह अभ्यास जरूरी माना जाता है. इस बीच आपदा राहत में देरी को लेकर विपक्ष ने सरकार पर निशाना साधा है. इधर मॉकड्रिल की तैयारियां चल रही हैं, उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 अप्रैल के उत्तराखंड दौरे से ठीक पहले आपदा राहत राशि का मुद्दा राजनीतिक रंग ले चुका है. पीएम इस दौरे में दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करेंगे और देहरादून में जनसभा को भी संबोधित करेंगे.

अगस्त 2025 में उत्तराखंड में भीषण आपदा आई थी. सितंबर में राज्य दौरे पर आए प्रधानमंत्री ने तत्काल राहत के तौर पर 1200 करोड़ रुपये देने की घोषणा की थी।

## मुस्लिम बहुल इलाकों पर यूपी एसआईआर का क्या हुआ असर?

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** की कई मुस्लिम-बहुल विधानसभा सीटों पर मतदाता सूची में काफी बड़ी गिरावट दर्ज की गई है. 10 अप्रैल 2026 की अंतिम मतदाता सूची की तुलना 27 अक्टूबर 2025 की प्री-रक्फ़ सूची से करने पर पाया गया कि इन क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या औसत से ज्यादा घटी है. खासकर सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और लखनऊ के कुछ इलाकों में यह गिरावट 15 से 29 प्रतिशत तक पहुंच गई है.

सबसे ज्यादा गिरावट लखनऊ सेंट्रल में 28.88 प्रतिशत, मेरठ कैंट में 27.79 प्रतिशत, बरेली कैंट में 25.95 प्रतिशत, आर्य नगर कानपुर में 25.80 प्रतिशत, बरेली में 25.10 प्रतिशत और शाहजहांपुर में 24.32 प्रतिशत रही. इनके अलावा मेरठ



साउथ में 23.19 प्रतिशत, अलीगढ़ में 21.81 प्रतिशत, बहराइच में 21.87 प्रतिशत, मुरादाबाद रूरल में 18.73 प्रतिशत, चंदौसी में 18.86 प्रतिशत, रामपुर में 18.54 प्रतिशत और बदायूं में 18.10 प्रतिशत की कमी देखी गई. लखनऊ वेस्ट में भी 18.60 प्रतिशत और सहारनपुर नगर में 15.99 प्रतिशत मतदाता कम हुए. मुजफ्फरनगर में 16.10 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई. संभल में 2,27,255 (14.47) वोटर्स कम हुए. स्वार में 29270, कुंदरकी में 19,146, अमरोहा में 1,22,263 वोट कम हुए हैं. खलीलाबाद 61,496, टांडा 30,692, सीसामऊ में 50558 वोट कम हुए हैं. पीलीभीत में 35880, शाहजहांपुर में 106061 मतदाता कम हुए हैं. नगीना में 29678, असमोली में 27319 वोटर्स कम हुए हैं. इसके साथ ही गंगोह 46072, मेरठ दक्षिण 118280 मतदाता कम हुए हैं. इसके अलावा नौगंवा सदात में 22574, कैराना में 24541, ठाकुरद्वारा में 24181 मत कम हुए हैं. ये सभी सीटें उन इलाकों में आती हैं जहां मुस्लिम आबादी राज्य के औसत से काफी ज्यादा है. पश्चिमी उत्तर प्रदेश, रुहेलखंड और कुछ अन्य क्षेत्रों में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 30 से 50 प्रतिशत तक है. इन क्षेत्रों में कई सीटों पर मुस्लिम वोटर चुनावी नतीजों को प्रभावित करने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं।

# वाह चुनाव आयोग....एसआईआर में दो बेटियों का बदल दिया संबंध

- फाफामऊ विधानसभा क्षेत्र के लालगोपालगंज में बीएलओ और अधिकारियों ने की नई खोज
- एसआईआर में लगे शिक्षक और कर्मी के संघर्ष के बरामद हुआ नतीजा।

**लालगोपालगंज।** एसआईआर में लगे अधिकारी और कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और संघर्ष के बाद चुनाव आयोग ने चौंकाने वाली एक खोज की है। मोहल्ला के ही दो अलग-अलग परिवार में अपनी दो बेटियों का विवाह करने के पंद्रह साल बाद हाल में ही एसआईआर के तहत मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में दोनों बेटियों को मायका के परिवार से ही नहीं जोड़ा, बल्कि पिता को ही दोनों बेटियों का पति बना बना दिया गया। मामले का खुलासा तब हुआ, जब विभाग द्वारा प्रकाशित एसआईआर की अंतिम फाइनल सूची जारी हुई।

फाफामऊ विधानसभा के लालगोपालगंज स्थित वार्ड नंबर 15 खानजहानपुर स्थित नोमानिया मतदान केंद्र के भाग संख्या 153 में रहने वाली मां रईसुन्निसा ने मोहल्ला खानजहानपुर के रहने वाले स्व. निसार अहमद के पुत्र से अपनी बड़ी बिटिया शाइस्ता बानो का विवाह किया। जबकि उसी वर्ष की उसी तिथि को उसी मोहल्ला में स्व. फरमूद अहमद के बेटे से छोटी बिटिया अतिया बानों का निकाह किया है। एसआईआर की गंभीरता और गहमा-गहमी के बीच मतदाता सूची के पुनरीक्षण में लगे अधिकारी एवं कार्मिक को एस ए आर के कार्य में झोंक दिया गया था बेसिक शिक्षा विभाग की पढ़ाई के साथ नगर पंचायत के कार्य सब प्रभावित रहे रविवार को भी बूथ खोला जाता रहा। अधिकारी बीएलओ और सुपरवाइजर की बैठक पर बैठक करते रहे। आपत्तियों का निस्तारण करने के बजाय उत्पन्न होने वाली समस्याओं को कर्मी जब भी अवगत कराना चाहते थे, तब अधिकारी उन्हें चुप रहने को कहते हुए आपत्तियों को खारिज कर देते थे। जिसके चलते आज प्रकाशित मतदाता सूची में पैदा हुई घोर खामियों का नतीजा सामने है।

**प्रकाशित मतदाता सूची पर एक नजर**

मदरसा नोमानिया के भाग संख्या 153 में क्रम संख्या 64, 70 और 71 पर तीनों मतदाताओं का नाम, उम्र, मकान नंबर साफ तौर पर अंकित है।

## थानापुर में 12 अप्रैल से शुरू होगी सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा

**सहसों।** क्षेत्र के थानापुर गांव में 12 अप्रैल दिन रविवार से सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। मुख्य यजमान मानिक चंद्र द्विवेदी एवं राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी के संयोजन में कथा का श्रवण श्रद्धालु श्रोताओं को कथा व्यास आचार्य श्री यशोदा नंदन जी महाराज की अमृतमयी वाणी के द्वारा कराया जाएगा। कथा का समय प्रतिदिन सायं 4:30 बजे से 7:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। कथा का विश्राम दिवस 18 अप्रैल दिन शनिवार एवं समापन 19 अप्रैल दिन रविवार को पूर्णाहुति, हवन तथा महाप्रसाद के आयोजन से होगी। आशय की जानकारी देते हुए आयोजक अधिवक्ता शिव बाबू दुबे एवं चंद्रेश नारायण द्विवेदी (पिंटू दुबे), पूर्व ग्राम प्रधान ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## चलती ट्रेन में चढ़ते समय फिसला यात्री, आरपीएफ जवान की सूझबूझ से बची जान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पोस्ट प्रयागराज द्वारा ह्लऑपरेशन जीवन रक्षाह्व के तहत एक यात्री की जान बचाने का सराहनीय मामला सामने आया है। प्लेटफॉर्म पर ड्यूटी के दौरान एक कांस्टेबल ने तत्परता दिखाते हुए चलती ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच गिरे यात्री को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

घटना प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर 01 की है। बुधवार दोपहर करीब 12:11 बजे गाड़ी संख्या 12987 अपने निर्धारित समय पर रवाना हो रही थी। इसी दौरान एक यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करते समय संतुलन खो बैठा और ट्रेन व प्लेटफॉर्म के बीच के गैप में गिर गया।


घटना को देखते ही मौके पर तैनात आरपीएफ कांस्टेबल सुनील कुमार कुशवाहा ने बिना समय गंवाए साहस और सूझबूझ का परिचय दिया। उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए यात्री को खींचकर सुरक्षित बाहर निकाल लिया। उनकी इस त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया।

बचाए गए यात्री की पहचान सुरेश कुमार सरोज, निवासी सराय हरिया, पोस्ट बहादुरगढ़, जिला प्रयागराज के रूप में हुई है। वह प्रयागराज जंक्शन से आबू रोड के लिए यात्रा कर रहे थे। घटना के बाद यात्री ने खुद को पूरी तरह सुरक्षित बताया और अपनी यात्रा जारी रखी।

घटना के दौरान मौजूद अन्य यात्रियों और आम लोगों ने आरपीएफ जवान के साहसिक कार्य की सराहना की।

## न्यूज झरोखा

### पूर्व प्रधान गडैया कला जारी का आकस्मिक निधन क्षेत्र में शोक की लहर



**जारी प्रयागराज।** जसरा ब्लाक के गडैया कला जारी बाजार के पूर्व प्रधान राम सजीवन केसरी विगत कई दिनों से बीमार चल रहे थे जिनका शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया राम सजीवन 87 वर्ष के थे रामलीला मंच के एक उत्तम कलाकार व जारी गडैया आदर्श रामलीला कमेटी के अच्छे एक्टर व प्रबंधन करते रहे उनके निधन की खबर सुनकर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी इस दौरान जितेंद्र केसरवानी बबलू , रंजीत मोदनवाल प्रधान, गोविंद सिंह,राजेंद्र कुशवाहा पूर्व प्रधान, शिव भोला बिन्द, राममिलन कुशवाहा, विकाश गुप्ता , शिव प्रसाद केसरवानी, अजय केसरवानी, आदि लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

### समाज को बांटने की राजनीति कर रहे अखिलेश यादव, साध्वी निरंजन ज्योति ने संगम नगरी में सपा प्रमुख पर कसा तंज

**प्रयागराज।** सभी समाज के माता-पिता की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि बच्चों को शिक्षित करें, संस्कारवान बनाएं जिससे आने वाली पीढ़ी प्रगति के पथ पर अग्रसर हो। समाज बांटने की राजनीति करने वाले लोग उन्हें तोड़ न पाएं। यह बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री व पिछड़ा आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति ने कहीं। साध्वी निरंजन ज्योति शुक्रवार को प्रयागराज शहर के सदियापुर मुहल्ले में पूर्व पार्षद ऋषि निषाद के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची थीं। यहां महापौर गणेश केसरवानी के साथ ही अन्य पार्टीजनों ने उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने प्रातः संगम में डुबकी लगाई। मां गंगा की आराधना के बाद बड़े हनुमानजी के पूजन-दर्शन किए। सपा मुखिया अखिलेश यादव को निशाने पर लेते हुए साध्वी ने कहा, राजनीति समाज को जोड़ने की होनी चाहिए न कि तोड़ने की। उत्तर प्रदेश में पीडीए के नाम पर समाज को तोड़ने की राजनीति अखिलेश यादव कर रहे हैं। जातिवादी जहर घोलकर समाज का भला किसी भी हाल में नहीं किया जा सकता।

## बनवारीखास में घर से सोने और चांदी के जेवरात चोरी

**पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी, जांच में जुटी पुलिस**



**मांडा।** इलाकाई थाना क्षेत्र के बनवारीखास गांव में अज्ञात चोरों ने एक घर से सोने और चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। घटना तब हुई जब परिवार के सदस्य खेत में काम करने गए थे। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

बनवारीखास निवासी धर्मेंद्र कुमार पुत्र स्वर्गीय राम सागर ने बताया कि गुरुवार दोपहर लगभग तीन बजे वह अपनी पत्नी ममता देवी और बेटियों पूजा व नंदनी के साथ खेत में गेहूं काटने गए थे। उनके बेटे संदीप कुमार और प्रियांशु बकरियां चराने गए थे।

घर को सूना पाकर अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। चोर घर के अंदर रखे बक्से से सोने का लॉकेट, सोने की नथियां, चांदी के दस लच्छे और हाथ का कड़ा सहित अन्य जेवरात उठा ले गए।

घटना की सूचना तत्काल 112 डायल पुलिस को दी गई थी। शुक्रवार को धर्मेंद्र कुमार ने मांडा थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की।




## जॉब फेयर में 125 छात्रों का एमआरएफ टायर कंपनी में प्लेसमेंट हुआ

**करछना।** प्रयागराज संस्थान प्रयाग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट बेंदौ करछना प्रयागराज में शुक्रवार को ओपन कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया जिसमे बी टेक, डिप्लोमा, आई टी आई, स्नातक, इंटरमीडिएट के विभिन्न कॉलेजों के लगभग 400 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। प्लेसमेंट के लिए आयी एमआरएफ टायर कंपनी ने अंतिम रूप से 125 छात्रों को चयनित किया। एमआरएफ टायर कंपनी ने इंटरमीडिएट व आईटीआई के छात्रों को 2 लाख 16 हजार, डिप्लोमा व स्नातक छात्रों को 2 लाख 34 हजार एवं बीटेक के छात्रों को 2 लाख 46 हजार के वार्षिक स्टाइपेंड पर चयनित किया है। सभी चयनित छात्रों का ट्रेनिंग पूरी होते ही उनका वेतन 3 से 3.60 लाख वार्षिक हो जाएगा। यह जानकारी प्लेसमेंट अधिकारी प्रमोद मिश्रा ने दी। संस्थान के सचिव विकास सिंह, प्राचार्य डा पवन कुमार सिंह, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड डा मुकेश मिश्रा एवं रजिस्ट्रार आशीष तिवारी ने सभी चयनित छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## शंकरगढ़ में गूंजा 'स्कूल चलो अभियान', ब्लॉक प्रमुख निर्मला देवी ने दिखाई हरी झंडी



**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ में ब्लॉक स्तरीय स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई। ब्लॉक प्रमुख निर्मला देवी एवं खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में पीएम श्री कंपोजिट स्कूल शंकरगढ़, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, कस्तूरबा बालिका विद्यालय सहित ब्लॉक के समस्त प्रधानाध्यापक, अध्यापक और सैकड़ों बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ब्लॉक प्रमुख निर्मला देवी ने बच्चों के साथ प्रभात फेरी में शामिल होकर अभियान को सफल बनाया।रैली शंकरगढ़ बाजार से होकर गुजरी, जहां बच्चों ने कोई न छूटे अबकी बार, शिक्षा है सबका अधिकार,आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे,दीप से दीप जलाएंगे, देश को साक्षर बनाएंगे जैसे जोशीले नारों से लोगों को जागरूक किया।इस दौरान ब्लॉक प्रमुख निर्मला देवी, खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा एवं ब्लॉक के समस्त प्रधानाध्यापकों ने मिलकर स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया और अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का आह्वान किया।

## प्रयागराज में सोना शाह का 104वां उर्स संपन्न

**कव्वालों ने रातभर सूफियाना कलाम से जायरीनों को मंत्रमुग्ध किया**

**अखंड भारत संदेश**



**मांडा।** इलाकाई क्षेत्र स्थित भारतगंज में सूफी संत हजरत सोना शाह रहमतुल्लाह अलैहे का 104वां दो दिवसीय उर्स अकीदत के साथ संपन्न हुआ। बृहस्पतिवार रात दरगाह परिसर में हजारों की संख्या में जायरीनों की भीड़ उमड़ पड़ी। दूर-दराज से आए अकीदतमंदों ने बाबा के आस्ताने पर माथा टेककर देश में अमन-चैन की दुआएं मांगीं।

उर्स के अवसर पर महफिले समा का आयोजन किया गया। इसमें देश के कई मशहूर कव्वालों ने अपने सूफियाना कलाम से रात भर समा बांधे रखा। काशीपुर, उत्तराखंड से दानिश मोनिश अली खान और अलीगढ़, उत्तर प्रदेश से गुलाम कादिर पेंटर ने एक से बढ़कर एक कव्वालियां पेश कीं। पूरी रात दरगाह परिसर इबादत और सूफियाना रंग में डूबा रहा।

सोना शाह दरगाह पर दिन-रात लोगों का आना-जाना लगा रहा। मेले में उमड़ी भीड़ को देखते हुए भारतगंज चौकी इंचार्ज सुभाष सिंह ने अपने सिपाहियों के साथ रात भर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी। कुल हिन्द के खाकसार हक कमेटी के शहर सालार अब्दुल समद अपनी टीम के साथ मेले की निगरानी में जुटे रहे।

सोना शाह के गद्दी नशीन हजरत सूफी शकील साहब के सामने कव्वालों ने रातभर अपनी कव्वालियों से जायरीनों को मंत्रमुग्ध किया। इस दौरान बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले, मिक्की माउस और डांसर चेयर जैसे सामान भी लगाए गए थे।

## पारिवारिक जमीन विवाद में चाकू से हमला चाचा गंभीर रूप से घायल, दो पर केस दर्ज

**अखंड भारत संदेश**



**उतरांव।** प्रयागराज जिले के उतरांव थाना क्षेत्र के कटहरा गांव में पारिवारिक जमीन के बंटवारे को लेकर हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि सगे भतीजे ने अपने ही चाचा पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर दो पर जानलेवा हमला का केस दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कटहरा गांव निवासी साधु राम माली का अपने परिवार के लोगों के साथ जमीन के बंटवारे को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर कहासुनी के बाद मामला इतना बढ़ गया कि भतीजे ने चाचा पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में साधु राम माली लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर पड़े, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। वहीं, घायल साधु राम माली ने उतराव थाने में अपने सगे भाई व भतीजे के खिलाफ लिखित तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जमुना प्रसाद व मोनू माली पर जानलेवा हमला का केस दर्ज किया है।



## नैनी में बैंक ऑफ बडौदा की नई शाखा का हुआ शुभारंभ

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के रामनगर चौराहा पर चक दाऊद नगर शाखा का उद्घाटन मिथिलेश कुमार महाप्रबंधक एवं अचल प्रमुख वाराणसी एवं चंद्रकांत चक्रवर्ती क्षेत्रीय प्रमुख प्रयागराज द्वितीय क्षेत्र एवं नैनी सेंट्रल जेल के अधीक्षक विजय विक्रम सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में शुक्रवार को संपन्न हुआ। बैंक ऑफ बडौदा की नई शाखा के खुलने से स्थानीय लोगों को अब बैंकिंग सेवाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। खाता खोलने, लोन, एटीएम और अन्य सुविधाएं अब यहीं उपलब्ध होंगी। क्षेत्रवासियों में इसको लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। उद्घाटन समारोह में नैनी वरिष्ठ शाखा प्रबंधक अंकित पाराशर, पवन यादव, गुरुप्रसाद राव, शैलेन्द्र गौतम ब्रांच हेड, अरुण यादव, डी. के मिश्र राष्ट्रीय महासचिव पत्रकार विकास कॉउंसिल, बबिता शर्मा, नीलम मिश्रा, संदीप सिंह, राकेश शुक्ला उपस्थित रहे।

## अग्निशमन कर्मियों ने छात्रों को आग से बचाव के बताये उपाय

**अखंड भारत संदेश**



**जसरा।** श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा में अग्निशमन विभाग की ओर से छात्रों को आग से बचाने के तरीके बताए। इस अवसर पर दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

शुक्रवार को अग्निशमन विभाग से आए हुए अधिकारियों में इंस्पेक्टर चन्द्रकान्त त्रिपाठी ने छात्रों एवं शिक्षकों को आग से बचाव के विभिन्न उपाय बताएं ।साथ ही उन्होंने आग के विभिन्न प्रकार एवं उन्हें बुझाने के भिन्न-भिन्न तरीके से छात्रों को अवगत कराया। तत्पश्चात आए हुए अधिकारियों का स्वागत एवं आभार विद्यालय के उप प्रधानाचार्य सुनील कुमार साहू ने किया। इस अवसर पर कुलभूषण मिश्रा, अचलेंद्र जायसवाल, चंद्रशेखर, रामलखन प्रजापति, विकास केसरी, श्याम जी केसरवानी आदि के साथ दर्जनों छात्र गण उपस्थित रहे।

## छात्रा को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया यूवक, मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके एक गांव में एक छात्रा को यूवक बहला फुसला कर भगा ले गया छात्रा के भाई ने जब यूवक के घर गया तो यूवक के पिता ने गली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी दे कर भगा दिया।छात्रा के भाई ने यूवक और उसके पिता के खिलाफ थाने में तहरीर दे कर मुकदमा दर्ज करा दिया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव की एक सोलह वर्षीय छात्रा को गुरुवार को एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। गायब छात्रा के भाई का आरोप है कि वह जब बहन के बारे में प्रतापगढ़ के मान्धाता के ग्राम लाखापुर आरोपी युवक के घर गया तो उसके पिता ने जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। छात्रा के भाई ने मऊआइमा थाना में अतुल दुबे और उसके पिता अरूण दुबे के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। अपहृत छात्रा के भाई का कहना है कि चार माह पूर्व उसकी बहन अतुल दुबे के साथ भाग गई थी। जिसे आपसी समझौता के बाद घर लाया गया था। पुलिस मुकदमा दर्ज कर दोनों की तलाश में जुटी गई है।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष का प्रयागराज आगमन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर



**प्रयागराज।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के माध्यमिक संवर्ग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अनूप शर्मा का शुक्रवार को प्रयागराज आगमन हुआ, जहां जिला कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था पर विशेष बल दिया। प्रदेश महामंत्री डॉ. संतोष शुक्ल के नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अध्यक्ष का स्वागत किया। अपने संबोधन में डॉ. अनूप शर्मा ने कहा कि प्रदेश के सभी जनपदों में इस वर्ष सदस्यता अभियान को गति देते हुए शिक्षकों को विद्यालयों में बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए तैयार किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आनंद पांडे ने भी अपने विचार रखते हुए शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता सुधार और शिक्षकों की जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला। डॉ. पवन तिवारी, डॉ. योगेंद्र सिंह, मनोज सिंह, डॉ. अभिषेक मिश्र और डॉ. शिव ओम तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. शर्मा ने महर्षि भरद्वाज के आध्यात्मिक स्थल पर पहुंचकर प्रणाम किया और इसे अपना सौभाग्य बताया।

# प्रयागराज में 1.40 करोड़ की स्मैक बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार, टीम को 50 हजार का इनाम

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** नारकोटिक्स टास्क फोर्स और धूमनगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय नशा तस्करी के नेटवर्क का खुलासा किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 704.88 ग्राम स्मैक बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 1.40 करोड़ रुपये आंकी गई है। साथ ही तीन मोबाइल फोन और 1200 रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, सर्विलांस सेल की सूचना पर शुक्रवार को वर्कशॉप रोड, सुबेदारगंज स्टेशन के पीछे स्थित गली में घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सचिन पासी (27), राहुल कुमार (22) और नितेश कुमार (32) के रूप में हुई है। सभी आरोपी धूमनगंज थाना क्षेत्र के ताड़बाग इलाके के निवासी हैं।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी लंबे समय से स्मैक की तस्करी में सक्रिय थे और शहर में सप्लाई का काम करते थे। पुलिस ने तीनों के खिलाफ धूमनगंज थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, मुख्य आरोपी सचिन पासी के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें एनडीपीएस एक्ट और मारपीट से जुड़े गंभीर आरोप शामिल हैं। वहीं राहुल कुमार और नितेश कुमार पर भी पूर्व में मादक पदार्थ तस्करी के मामले दर्ज रहे हैं।

इस कार्रवाई में धूमनगंज पुलिस, नारकोटिक्स टास्क फोर्स और सर्विलांस टीम की संयुक्त भूमिका रही। पुलिस आयुक्त ने टीम की सराहना करते हुए 50 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है।

## गैस कब आई और कब हुई खत्म, उपभोक्ताओं को नहीं लगी भनक

**मांडा।** कामाख्या ईडन गैस एजेंसी में इन दिनों उपभोक्ताओं की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि एजेंसी में गैस सिलेंडर कब आता है और कब खत्म हो जाता है, इसकी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जाती। उपभोक्ताओं के अनुसार, कई बार वे घंटों लाइन में खड़े रहते हैं, लेकिन उनकी बारी आने से पहले ही स्टॉक खत्म होने की सूचना दे दी जाती है। इससे न केवल समय की बबार्दी होती है, बल्कि रोजमर्रा के कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि एजेंसी की ओर से गैस की उपलब्धता को लेकर न तो कोई सूचना बोर्ड लगाया जाता है और न ही समय पर जानकारी साझा की जाती है। इससे उपभोक्ताओं में असंतोष बढ़ रहा है और एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। लोगों की मांग है कि गैस आने और खत्म होने का समय सार्वजनिक किया जाए, ताकि उन्हें बार-बार चक्कर न लगाना पड़े और अनावश्यक परेशानी से राहत मिल सके।

## न्यूज झरोखा

### न्यू वरदान हॉस्पिटल क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन मुकाबला अनंत विजय ने जीता

फफमाऊ। देव स्पोर्ट्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे हैं न्यू वरदान हॉस्पिटल अंडर 16 क्रिकेट टूनार्मेंट का आज उद्घाटन मुकाबला अनंत विजय बनाम रामबाबू पाल के बीच खेला गया इस उद्घाटन मुकाबले के मुख्य अतिथि पूर्व इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के कोच माननीय देवेश मिश्रा देव दुर्गा फिलिंग स्टेशन के ओनर माननीय रमाकांत मिश्रा के द्वारा फिता काटकर एवं टॉस कराकर खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर इस टूनार्मेंट का शुभारंभ किया और सभी खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी खिलाड़ियों को बताते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान समय को देखते हुए सभी खिलाड़ी अपने खान पान एवं भोजन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है राम बाबू पाल ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया जिसमें निर्धारित 30 ओवर के मैच में 28.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 150 रन बना पाई जिसमें आयुष 32 शिव यादव 20 मोहम्मद आमिर 22 सौरभ यादव 15 विष्णु कुमार 15 उज्जवल 12 रनों का योगदान रहा वहीं अनंत विजय गेंदबाजी में सक्षम प्रजापति 3 विकेट कृष्ण आचार्य 2 विकेट लेने में सफल रहे लक्ष्य का पीछा करने उतरी अनंत विजय की टीम ने 26 ओवर 9 विकेट के नुकसान पर 153 बनाकर यह मैच 1 विकेट से जीत लिया जिसमें सक्षम प्रजापति दर्शन नरेंद्र 17 रन मोहम्मद सुफियान 15 रन विराट यादव 10 रनों का योगदान रहा वही रामबाबू पाल की गेंदबाजी की तरफ से मोहम्मद आमिर ने चटकाए 4 विकेट उत्कर्ष 2 विकेट लेने में कामयाब रहे इस मैच के मैन ऑफ द मैच सक्षम प्रजापति जिन्होंने 3 विकेट 36 रन शामिल है इस दौरान टूनार्मेंट के आयोजन विकास यादव न्यू वरदान हॉस्पिटल के ओनर देव स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब के कोच रामचंद्र प्रजापति जन विजय शाह क्रिकेट कोच धीरज सिंह शैलेंद्र सिंह मुकेश भारतीय श्यामू भारतीय राजेश यादव कौशिक पाल चंद्रभूषण पटेल स्कोरर सजल पांडे अंपायर बादल कुमार वेद प्रकाश यादव सत्यम प्रजापति आयुष कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

### भाकियू का अनिश्चितकालीन धरना ,ट्रांसपोर्ट नगर में निर्माण कार्य में गड़बड़ी का आरोप



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में सीवर लाइन और सड़क निर्माण कार्य में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) का अनिश्चितकालीन धरना लगातार जारी है। संगठन के पदाधिकारियों ने निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भाकियू के अनुसार, क्षेत्र में बिना सीवर लाइन को पूरी तरह जोड़े ही सड़क निर्माण कराया जा रहा है, जिससे भविष्य में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही उन्होंने इसे जनता के टैक्स के पैसे का दुरुपयोग बताया है। संगठन ने स्पष्ट किया है कि जब तक संबंधित ठेकेदार का लाइसेंस रद्द नहीं किया जाता और मुख्य अभियंता के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होती, तब तक धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। भाकियू पदाधिकारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस मामले में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में किसान, स्थानीय नागरिक और भाकियू कार्यकर्ता मौजूद हैं, जो लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं।

# मां के लाडलों पर शिक्षा का बोझ, भारी बस्तों के नीचे दबता बचपन

**अखंड भारत संदेश**



**शिक्षा का उद्देश्य बच्चों को आगे बढ़ाना है, न कि उन्हें बोझ तले दबाना।**



अनूप मिश्रा (संपादक)

**प्रयागराज ।** स्कूल जाते छोटे-छोटे बच्चों की पीठ पर टंगे भारी बस्ते आज की शिक्षा व्यवस्था की एक कड़वी सच्चाई बन चुके हैं। 'मां के लाडले' कहे जाने वाले ये मासूम बच्चे जब सुबह घर से निकलते हैं, तो उनके कंधों पर केवल किताबों का ही नहीं, बल्कि उम्मीदों और व्यवस्था की खामियों का भी बोझ होता है। हालत यह है कि एक मां चाहकर भी अपने बच्चे के बैग का वजन कम नहीं कर पाती।

अक्सर देखा जाता है कि प्राइवेट/प्राथमिक विद्यालयों की कक्षाओं के बच्चों के बैग में जरूरत से ज्यादा किताबें, कॉपियां और अन्य सामग्री भरी होती हैं। स्कूलों की सख्त नियमावली, हर विषय की अलग-अलग किताबें और रोजाना का होमवर्क बच्चों के बैग को और भारी बना देता है। कई बार तो बच्चों का बैग उनके अपने वजन के अनुपात में बेहद ज्यादा होता है, जो उनके शारीरिक विकास के लिए भी हानिकारक साबित हो सकता है।

मां की चिंता स्वाभाविक है। वह अपने बच्चे को सुरक्षित और स्वस्थ देखना चाहती है, लेकिन स्कूल की अनिवार्यताओं के सामने उसकी बेबसी साफ झलकती है। वह चाहकर भी कोई किताब या कॉपी बैग से नहीं निकाल सकती, क्योंकि हर चीज 'जरूरी' बताई जाती है। ऐसे में मां के लाडले रोजाना इस बोझ को ढोने के लिए मजबूर हैं।

यह समस्या केवल शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक भी है। भारी बैग बच्चों में स्कूल के प्रति भय और तनाव पैदा करता है। पढ़ाई, जो आनंद का विषय होनी चाहिए, धीरे-धीरे बोझ बन जाती है। नतीजा यह होता है कि बच्चे पढ़ाई से दूर भागने लगते हैं या फिर दबाव में आकर अपनी स्वाभाविक जिज्ञासा खो देते हैं।

सरकार और शिक्षा विभाग समय-समय पर बैग का वजन कम करने के निर्देश जारी करते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इनका प्रभाव बहुत सीमित दिखाई देता है। जरूरत इस बात की है कि स्कूल प्रशासन, शिक्षक और अभिभावक मिलकर इस समस्या का व्यावहारिक समाधान निकालें। डिजिटल शिक्षा, स्कूल में ही किताबों की व्यवस्था और टाइम-टेबल में संतुलन जैसे कदम इस दिशा में मददगार हो सकते हैं।

अंततः, हमें यह समझना होगा कि शिक्षा का उद्देश्य बच्चों को आगे बढ़ाना है, न कि उन्हें बोझ तले दबाना। 'मां के लाडलों' को ऐसा माहौल मिलना चाहिए जहां वे सीखें भी, खिलें भी और बिना डर व दबाव के अपना बचपन जी सकें। तभी एक स्वस्थ और खुशहाल पीढ़ी का निर्माण संभव होगा।

**-अनूप मिश्रा (संपादक)**

## अधिवक्ता ने परिजनों पर लगाया जमीन कब्जे का आरोप, मारपीट व जान से मारने की धमकी की दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**उतराव।** प्रयागराज के जनपद के सरायइनायत थाना क्षेत्र अंतर्गत काजीपुर फूलहा फतुहा गांव में एक अधिवक्ता ने अपने ही परिवार के कुछ लोगों पर भूमिधरी जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित अधिवक्ता ने स्थानीय थाने के साथ-साथ उच्च अधिकारियों को भी लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है।

गांव निवासी अधिवक्ता शुभम कुशवाहा के अनुसार, उनकी माता पुष्पा कुशवाहा के नाम एक वर्ष पूर्व उनके दादा द्वारा दान पत्र के माध्यम से जमीन हस्तांतरित की गई थी, जिसका विधिवत दाखिल-खारिज भी हो चुका है। यह जमीन लगभग 40 वर्ष पूर्व हुए पारिवारिक बंटवारे में उनके हिस्से में आई थी, जिस पर पहले से ही बाउंड्री वॉल बनाकर कब्जा स्थापित है।

अधिवक्ता का आरोप है कि हाल ही में परिवार के ही कुछ दबंग लोग उनकी जमीन पर पहुंचकर जबरन नाप-जोख करने लगे और कब्जा करने का प्रयास किया। जब उनकी मां पुष्पा कुशवाहा ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए हाथापाई की और जान से मारने की धमकी दी। घटना से आहत पीड़ित अधिवक्ता ने थाना सरायइनायत में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उच्चाधिकारियों को भी प्रार्थना पत्र भेजकर परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की गुहार लगाई है।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# कछुआ सैंक्चुअरी में दूसरे दिन छापेमारी, दो मोटरबोट जब्त

### मेजा परिक्षेत्र में खनन माफिया पर एक्शन; दो मोटरबोट जब्त



**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के मेजा परिक्षेत्र में कछुआ सैंक्चुअरी गोगांव में शुक्रवार शाम को लगातार दूसरे दिन छापेमारी की गई। एसडीएम सदर और खनन अधिकारी सहित वन विभाग की टीम ने यह कार्रवाई की, जिससे खनन व परिवहन माफियाओ में हड़कंप मच गया।

छापेमारी के दौरान टीम ने बालू खनन में संलिप्त दो मोटरबोट जब्त किए। अधिकारियों को देखते ही नाविक मोटरबोट छोड़कर भाग गए। तीन अन्य मोटरबोट गंगा नदी के उस पार भदोही जिले की ओर भागने में सफल रहे।


एसडीएम सदर गुलाब चंद्र ने बताया कि जब्त किए गए मोटरबोट को मौके पर मौजूद नोडल विभाग प्रयागराज जिले के मेजा परिक्षेत्र के वन दरोगा रामचंद्र, आशुतोष, वीरेंद्र और भास्कर को कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया। वन विभाग की टीम मोटरबोट को मेजा परिक्षेत्र के कोठरी गांव ले गई। एसडीएम सदर ने चेतावनी दी कि कछुआ सैंक्चुअरी के अंतर्गत आने वाले गंगा नदी के तटवर्ती गांवों में लगातार छापेमारी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि बालू खनन परिवहन में संलिप्त माफियाओं को चिन्हित करने की कार्रवाई चल रही है। इस धंधे में शामिल मोटरबोट, ट्रैक्टर-ट्रॉली और लोडर जब्त कर वन अधिनियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने खनन व परिवहन माफियाओं को जिले से बाहर चले जाने की चेतावनी दी। एसडीएम सदर ने कहा कि यदि वे ऐसा नहीं करते हैं और उनकी संलिप्तता उजागर होती है, तो उन्हें स्वयं जिला बदर की कार्रवाई के लिए तैयार रहना होगा।

छापेमारी में खनन अधिकारी जितेंद्र सिंह और थाना प्रभारी संजय सिंह भी दल-बल के साथ मौजूद रहे। एसडीएम सदर ने यह भी बताया कि खनन व परिवहन माफियाओं को संरक्षण देने वाले वदीर्धारियों को भी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से विचार-विमर्श किया जा रहा है।

# पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष ने की समीक्षा बैठक, शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण और बेहतर इलाज के दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति ने शुक्रवार को सर्किट हाउस सभागार में पिछड़ा वर्ग से जुड़े मुद्दों और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आयोग से जुड़े मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कौशांबी में हुई दुर्घटना के घायलों के इलाज को लेकर आई शिकायतों पर भी चर्चा हुई। स्वरूपरानी अस्पताल में भर्ती एक मरीज द्वारा इलाज में लापरवाही और ठीक हो चुके मरीजों को एंबुलेंस उपलब्ध न कराए जाने की शिकायत पर अध्यक्ष ने संज्ञान लिया। उन्होंने मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वी.के. पांडेय को मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

अध्यक्ष ने कहा कि अस्पतालों में भर्ती मरीजों का संवेदनशीलता के साथ समुचित इलाज सुनिश्चित किया जाए। बाहर की दवाएं लिखने पर रोक लगाई जाए और मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए। उन्होंने अस्पताल में तैनात चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ और सफाई कर्मचारियों की श्रेणीवार सूची भी उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पिछड़ा वर्ग से संबंधित सभी शिकायतों और आवेदनों का निस्तारण तय समयसीमा के भीतर किया जाए। जाति प्रमाणपत्र बनवाने में किसी भी आवेदक को परेशानी न हो और निर्धारित समय के अंदर प्रमाणपत्र जारी किया जाए। साथ ही नियुक्तियों में आरक्षण के प्रावधानों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में डीआईजी विजय धुल, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनीता सिंह, मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, सीएमएस डॉ. नीलम सिंह, दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अशोक कुमार गौतम सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# संयुक्त संघर्ष संचालन समिति के आह्वान पर 18 सूत्रीय मांगों को लेकर पदाधिकारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन




डीएम प्रयागराज के नामित अधिकारी को ज्ञापन सौंपते एसएसएसएस के पदाधिकारी

**मेजा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को संयुक्त संघर्ष संचालन समिति उत्तर प्रदेश के प्रांतीय आह्वान पर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम संदर्भित 18 सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षा से जुड़े प्रयागराज के कार्मिकों द्वारा प्रभात कुमार और अजय कुमार यादव के संयुक्त नेतृत्व में जिलाधिकारी प्रयागराज के नामित अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौपा गया जिसमें एक मुख्य रूप से पुरानी पेंशन बहाली,टेट प्रकरण सहित शासन स्तर पर लंबित पदोन्नति, मानदेय वृद्धि,आश्रित संवर्ग मांग और समस्या के कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं। इस मौके पर कमल श्रीवास्तव, अनुराग पांडेय, रामू, सिद्धार्थ सोनकर, अजीत सिंह, विनय कुमार, अनिल कुमार स्मृति मिश्रा तथा सुधांशु आदि के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित, पंजीकरण के लिए किया गया जागरूक



**नैनी।** नैनी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस आई आर)-2026 के अंतर्गत अंतिम मतदाता सूची 10 अप्रैल को प्रकाशित कर दी गई है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविन्दर सिंह ने खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यदि किसी कारणवश किसी मतदाता का नाम अंतिम सूची में शामिल नहीं हो पाया है तो वह फॉर्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकता है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर मोबाइल नंबर के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है साथ ही आवेदन फॉर्म डाउनलोड करने की सुविधा भी उपलब्ध है। मतदाता अपनी स्थिति की जांच voters.eci.gov.in एव ceouttarpradesh.nic.in पर कर सकते हैं, साथ ही क्यूआर कोड स्कैन कर भी सूची में नाम देखा जा सकता है। गौरतलब है कि प्रदेश में 27 अक्टूबर से शुरू हुआ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 अभियान 166 दिनों तक चला जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अभियान को सफल बनाने में विभिन्न स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। जन-जागरूकता अभियान में प्रमुख रूप से राजेश पाल, सुनीता प्रजापति, रेनू पांडे, सुलोचना शुक्ला, राजेश थापा, पंकज, दलजीत कौर, हरमनजी सिंह, संजय एवं अन्य स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका रही।

# नैनी क्षेत्र में हनुमंत कथा को लेकर बैठक हुई




**नैनी।** नैनी क्षेत्र के अभिनंदन गेस्ट हाउस में पार्षद व व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जयसवाल के द्वारा लोगों को आग्रह किया गया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर अरैल में आयोजित बाबा बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से आयोजित तीन दिवसीय भव्य हनुमंत कथा आगामी 21 से 23 अप्रैल को अरैल क्षेत्र में होगा। कार्यक्रम को लेकर नैनी में शुक्रवार शाम बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन कथा आयोजक प्रयाग उत्थान समिति के अध्यक्ष डॉ उदय प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया उन्होंने इस अवसर पर सभी को कार्यक्रम का आमंत्रण दिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में प्रयागराज के अलावा अन्य कई जिलों से लगभग पांच लाख लोग आ रहे हैं। इसमें तमाम विशिष्ट अतिथि भी शामिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम से पूर्व 20 अप्रैल को सुबह आठ बजे से मंगल कलश यात्रा जमुना क्रिश्चियन कालेज के सामने से निकाली जायेगी। कार्यक्रम में आशीष शर्मा ने भजन प्रस्तुत किया। प्रारंभ में आयोजक पार्षद राकेश जायसवाल एवं उनकी पत्नी आकांक्षा जायसवाल ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन राजन शुक्ला व घनश्याम जायसवाल ने किया। इस अवसर पर समर बहादुर सिंह, हरिकृष्ण तिवारी बबलू, सुभाष केसरवानी, शैलेन्द्र पुरी, शालू चड्ढा, विद्या सिंह, गुरुप्रकाश राव के अलावा जयव्रत सिंह, आकाश जायसवाल, पार्षद दिलीप केसरवानी, नैनी मंडल अध्यक्ष रजत दुबे, जय कृष तिवारी, समर सिंह, मुन्ना शर्मा, गुड्डू गुडविल, श्यामधर मिश्र, राजेश साहू, विनोद केसरवानी, त्रिभुवन चौरसिया, समाजसेवी योगेश चौरसिया सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# प्रतापगढ़ में निर्वाचक नामावली का हुआ अंतिम प्रकाशन, 21.75 लाख मतदाता दर्ज

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सौंपी गई बूथवार सूची, आमजन से नाम सत्यापन की अपील

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के अन्तर्गत जनपद के 7 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रो यथा रामपुरखास, बाबागंज, (अ0जा0), कुण्डा, विश्वनाथ गंज, प्रतापगढ़, पट्टी एवं रानीगंज की निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन आज दिनांक 10 अप्रैल 2026 को करा दिया गया है। आयोग के निदेर्शानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के अन्तर्गत अन्तिम रूप से प्रकाशित की गयी विधानसभा निर्वाचक नामावलियो की हार्डकापी एवं सॉफ्टकापी (बिना फोटो वाली मतदाता सूची की पीडीएफ) जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलो के अधिकृत प्रतिनिधियों को निःशुल्क उपलब्ध कराने हेतु उप जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य प्रजापति की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में बैठक आहूत की गयी। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियो को अन्तिम रूप से प्रकाशित निर्वाचक नामावलियों की हार्डकापी एवं सॉफ्टकापी उपलब्ध करायी गयी।

बैठक में बताया है कि अंतिम प्रकाशन के समय जनपद में कुल 2175863 मतदाता दर्ज किए गए हैं। विधानसभा क्षेत्रवार मतदाताओं की संख्या में रामपुरखास में 290404, बाबागंज (अ0जा0) में 278010, कुण्डा में 312461, विश्वनाथगंज में 343412, प्रतापगढ़ में 304324, पट्टी में 334529 तथा रानीगंज में 312723 मतदाता शामिल हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली सभी मतदेय स्थलों, बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ), तहसील कार्यालयों एवं जिला निर्वाचन कार्यालय प्रतापगढ़ में व एनआईसी की वेबसाइट पर निःशुल्क अवलोकन कर सकते है। उन्होंने जनसामान्य से अपील की है कि वे अपने नाम एवं विवरण की पुष्टि के लिए निर्वाचक नामावली का अवश्य निरीक्षण करें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का नाम किसी कारणवश अंतिम मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सका है तो फार्म 6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकृत करा सकते है। बैठक में उपजिलाधिकारी तनवीर अहमद, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय, बहुजन समाज पार्टी के जिला महासचिव सादिक अली, भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय मंत्री विक्रम सिंह, कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया के सचिव लाल बहादुर तिवारी, इंडियन नेशनल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डा0 नीरज त्रिपाठी, समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, अपना दल (सोनेलाल) के प्रदेश महासचिव परमानन्द मिश्र सहित निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।



# सड़क किनारे गड्ढे में गिरने से युवक की मौत मचा कोहराम



सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर भेजा पोस्टमार्टम



**अखंड भारत संदेश**

**बेलखरनाथ धाम।** प्रतापगढ़ बाइक सहित गहरे गड्ढे में गिरने से मौत हो गई। सुबह शौच के लिए जा रहे ग्रामीणों ने देखा तो घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर गांव निवासी राम किशोर का बेटा विनोद कुमार पांडेय उर्फ डीएम 42 गुरुवार शाम बगल के गांव दोनई गांव था। शुक्रवार सुबह वह बाइक सहित एक गहरे गड्ढे में चला गया जहां उसकी मौत हो गई।शौच के लिए सुबह जा रहे ग्रामीणों ने देखा तो घटना की सूचना पट्टी पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे पूरेधना चैंकी इंचार्ज कमलेश कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना की जानकारी होने पर मृतक की पत्नी नीला पांडेय परिजनों संग रोते बिलखते घटना स्थल पर पहुंची। मृतक मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था उसके पांच संताने है।

## विनियमन शुल्क की धनराशि जमा न करने पर ईट-भट्ठे को किया गया सीज

**प्रतापगढ़।** खान निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया है कि जनपद में बिना विनियमन शुल्क जमा किये भट्ठे के संचालन करने पर उनके विरूद्ध लगातार नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में 08 अप्रैल 2026 को तहसील रानीगंज में प्रेम नगर चौराहा के पास मेसर्स एम0एल0ए0 ब्रिक फील्ड प्रोपराइटर मुस्ताक अहमद द्वारा बिना विनियमन शुल्क जमा किये ईट बनाने हेतु प्रयोग में लायी जाने वाली मिट्टी का खनन करते हुये भट्ठे का संचालन किया ज रहा था जिससे राजस्व की क्षति हो रही थी। भट्ठा स्वामी को बकाया विनियमन शुल्क जमा किये जाने हेतु भट्ठे पर जाकर खनन विभाग द्वारा कई बार नोटिस दिया गया परन्तु भट्ठा स्वामी द्वारा विनियमन शुल्क की धनराशि जमा नहीं करायी गयी जिस कारण तहसीलदार रानीगंज के द्वारा ईट भट्ठे को सीज कर दियाग या है। खान निरीक्षक ने बताया है कि जनपद में बिना विनियमन शुल्क जमा किये गये समस्त ईट-भट्ठो को चिन्हित कर उस पर कार्यवाही की जा रही है।

# मदनामऊ के जंगल में लगी आग, सैकड़ों पेड़ झुलसे



### सूचना पर पहुंचे सीओ व कोतवाल किसी तरह आग पर पाया काबू

**बेलखरनाथ धाम।** पट्टी कोतवाली क्षेत्र के मदनामऊ जंगल में आग लग गई। जिसमें सैकड़ों पेड़ झुलस गए। सूचना पर पहुंचे सीओ पट्टी के साथ इंस्पेक्टर पट्टी व फायर कर्मियों ने ग्रामीणों की सहयोग से किसी तरह आग पर काबू पाया। शुक्रवार दोपहर मदनामऊ गांव के समीप जंगल में अचानक आग लग गई तेज हवा के चलते आग विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना फायर कर्मियों के साथ ही पट्टी पुलिस को दी। सूचना पर पट्टी सीओ मनोज कुमार सिंह रघुवंशी इंस्पेक्टर आंनद पाल सिंह पूरेधना चैंकी इंचार्ज कमलेश कुमार व फायर कर्मियों पहुंच गए और ग्रामीणों के सहयोग से किसी तरह आग पर काबू पाया। हालांकि आग ने आम महुआ,नीम,सफेदा ,चिलबिल सहित सैकड़ों जंगली पेड़ों को झुलसा दिया।

# शार्टसर्किट से आगजनी में गेहूं की फसल राख



**प्रतापगढ़।** शार्टसर्किट से हुई आगजनी मे शुक्रवार को चार बीघे से अधिक गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। लालगंज कोतवाली के महिमापुर में सुबह अचानक विद्युत तार के टूटकर गिर जाने से खेत में आग फैल गयी। ग्रामीणों व फायर बिग्रेड की मशक्कत के बावजूद गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। गांव के रमेश तिवारी पुत्र राम सहोदर तथा राजीव शुक्ल व त्रिभुवन नाथ पुत्रगण काशी प्रसाद के चार बीघे की फसल को नुकसान पहुंचा। आग की लपटें देख ग्रामीणों ने काबू पाने का प्रयास किया। फैलाव बढ़ता देख ग्रामीणों ने फायर बिग्रेड को सूचना दी। घंटो मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। जानकारी मिलने पर एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक धर्मराज तथा क्षेत्रीय लेखपाल केके सरोज मौके पर पहुंचे। राजस्व निरीक्षक ने बताया कि फसल नुकसान को लेकर क्षतिपूर्ति के लिए शीघ्र तहसीलदार को आख्या भेजी जाएगी।

# मोना के प्रयास से नहरों की सुसज्जा के लिए करोड़ों की धनराशि हुई मंजूर

### रंग लाई विधायक की मेहनत, सिंचाई सुविधा के प्रबन्ध होंगे बेहतर



**लालगंज।** रामपुरखास की विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से सगरा रजबहा के पुनरोद्धार तथा प्रतापगढ़ ब्रांच की नहर के लिए वर्म कटिंग के लिए करोड़ों की सौगात मिली है। इसके तहत सगरा रजबहा की रिमॉडलिंग होने से बड़ी आबादी को खेती किसानी के लिए सिंचाई के तहत पर्याप्त मात्रा में जलापूर्ति की अब बेहतर सुविधा मुहैया हो सकेगी। शासन के संयुक्त सचिव रमाकांत शर्मा द्वारा जारी परिपत्र में सगरा रजबहा की नहर के पुनरोद्धार के लिए डेढ़ करोड़ रुपए की धनराशि मंजूर की गयी है। इससे क्षेत्र के मिश्राइनपुर, नया का पुरवा, रायपुर तियाई, पूरे इच्छाराम, बीजूमऊ, नौढ़िया, कामापटटी आदि क्षेत्र में खेती किसानी के लिए सगरा रजबहा से सुविधाजनक पर्याप्त जलापूर्ति सिंचाई की सुविधा को बेहतर बना सकेगी। वहीं विधायक मोना के प्रयास से प्रतापगढ़ ब्रांच के लिए भी वर्म कटिंग के तहत नहर से झाड़ व घांस फूस की साफ सफाई व सीमांकन के लिए शासन द्वारा पांच करोड़ तीस लाख बयालिस हजार की धनराशि पर मुहर लगी है। शासन की इस परियोजना पर हुई करोड़ों के बजट स्वीकृति मिल जाने से प्रतापगढ़ ब्रांच से रामपुरखास के साथ साथ अगल बगल की विधानसभाओं व पड़ोसी जिले रायबरेली के भी हिस्सों में सिंचाई की बेहतरीन सुविधा मुहैया हो सकेगी। सगरा रजबहा व प्रतापगढ़ ब्रांच की नहरों से क्षेत्र के ज्यादातर हिस्सों में फसल की सिंचाई हुआ करती है। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना द्वारा अपने निर्वाचन क्षेत्र में नहरों के रखरखाव व पुनरोद्धार को लेकर शासन का पत्र के जरिए ध्यानाकर्षण भी किया गया था। शुक्रवार को विधायक मोना के प्रयास से नहरों के कायाकल्प के लिए बजट मंजूरी की जानकारी पर किसानों में खुशी भी देखी गयी। यह जानकारी विधायक के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जारी विज्ञप्ति में दी है।

# मृतक युवक का शव घर पहुंचने पर मचा कोहराम

**पट्टी।** क्षेत्र के दिलीपपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत करनपुर खूंझी बासू का पुरवा गांव निवासी युवक की गुजरात में हुए भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना की खबर गांव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी नरसिंह सिंह का 30 वर्षीय पुत्र दीपक सिंह रोजी-रोटी के लिए गुजरात में ट्रक चलाने का काम करता था। मंगलवार की रात करीब 11 बजे वह बलसाड़ से पूना की ओर ट्रक लेकर जा रहा था। जैसे ही वह कपराडा के कुंभ घाट के पास पहुंचा, अचानक ट्रक का ब्रेक फेल हो गया। संतुलन बिगड़ने से उसका ट्रक सामने से आ रहे दूसरे ट्रक से जोरदार टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दीपक सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरे ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल होकर काफी देर तक केबिन में फंसा रहा। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने कटर की मदद से केबिन काटकर दोनों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दीपक को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और रिश्तेदार गुजरात पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही पूरी कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया। शुक्रवार को जैसे ही शव गांव पहुंचा लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और माहौल गमगीन हो गया। मां गुड्डी देवी और पत्नी दीपिका का रो-रोकर बुरा हाल है। शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर रवाना हो गए।

## न्यूज झरोखा

### त्वरित आर्थिक विकास योजनान्तर्गत 2424.53 लाख का कार्य स्वीकृत

**प्रतापगढ़।** जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी ने बताया है कि जनपद को शासन द्वारा त्वरित आर्थिक विकास योजनान्तर्गत कुल 114 कार्यो हेतु रुपए 2424.53 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी जिसके द्वारा विभिन्न परियोजनाएं यथा भयहरणनाथ धाम में कंवेनशन सेन्टर, 08 पी0सी0 सम्पर्क मार्ग एवं विभिन्न नगरीयध्ग्रामीण क्षेत्रों में 105 इण्टरलांकिगध्सी0सी0 मार्ग कार्य कराये जायेगें। कार्यो को कराये जाने हेतु प्रथम किश्त के रुप में रुपये 599.00 लाख की धनराशि कार्यदायी संस्था उ0प्र0 आवास विकास परिषद, लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को अवमुक्त किया जा चुका है। कार्य शीध्र ही पूर्ण कर लिया जायेगा जिससे जनपद में बुनियादी आधारभूत अवस्थापना का विकास होगा। उन्होने बताया है कि जिलाधिकारी द्वारा समस्त निर्माण कार्यो को गुणवत्ता व ससमय पूर्ण करने के निर्देश समस्त कार्यदायी संस्थाओं को दिये गये है।

### भण्डारे में उमड़े श्रद्धालु, ग्रहण किया प्रसाद

**प्रतापगढ़।** समापुर में श्रीमदभागवत कथा को लेकर शुक्रवार को हुए भण्डारे में श्रद्धालुओं ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। ग्रामीणों तथा राहगीरों के साथ व्यापारियों को भी देर शाम तक भगवान द्वारिकाधीश का प्रसाद ग्रहण करते देखा गया। भण्डारे को लेकर श्रद्धालुओं के बीच राधेकृष्ण का जयघोष भी गुंजायमान दिखा। भण्डारे का संयोजन रामप्रकाश मिश्र, चंद्रप्रकाश मिश्र व रामू मिश्र ने किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अनिल मोदनवाल, चंद्रभाल शुक्ल, केडी मिश्र, शिवलाल वैश्य, राजाराम मिश्र, जमुना प्रसाद तिवारी, रामअभिलाष मिश्र, रामआसरे तिवारी, कल्लू वर्मा, उदयराज मिश्र, राजू पाण्डेय आदि रहे।

### महिला की पिटाई पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा

**प्रतापगढ़।** महिला की पिटाई को लेकर आरोपी के खिलाफ उदयपुर पुलिस ने गालीगलौज मारपीट व धमकी का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के कच्चईयां राहाटीकर निवासी सुन्दरलाल पाल की पत्नी राजकुमारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती नौ अप्रैल को सुबह आठ बजे उसका देवर रवि पाल पुत्र हीरालाल गालीगलौज करने लगा। मना करने पर आरोपी ने ईट से उस पर हमला कर दिया। पीड़िता के सिर में चोटें आ गयी। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चला गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी रवि के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### युवती के अपहरण को लेकर अज्ञात के खिलाफ केस

**प्रतापगढ़।** बाजार में घरेलू सामान की खरीददारी को लेकर युवती के लापता होने पर लालगंज पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के महराजपुर जगन्नाथपुर निवासी साहिल सरोज पुत्र नन्हेंलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती आठ अप्रैल को सुबह साढ़े नौ बजे उसकी तेईस वषीर्या बहन घर से रानीगंज कैथौला बाजार के लिए निकली। देर रात तक बहन घर वापस नही आयी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

### विवाहिता को मारपीट कर भगाया, पति सहित आठ के खिलाफ मुकदमा

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर गाँव में विवाहिता को दहेज के लिए मारपीट कर घर से भगा दिया गया। मामले में पाति सहित 8 लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा पुलिस ने दर्ज किया है। पट्टी क्षेत्र के कंजा सराय गुलामी गांव निवासी राजेश कुमार पटेल ने अपनी पुत्री रिंकी पटेल का विवाह छह वर्ष पूर्व पट्टी क्षेत्र के जलालपुर गाँव में किया गया था। आरोप था कि दहेज में चार पहिया वाहन सहित अन्य सामानों की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाता था। बाद में उसे मारपीट कर घर से भगा दिया गया। इस मामले में कई बार पंचायत भी हुई। लेकिन कोई नतीजा नहीं निकल सका। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। बाद में पीड़ित पक्ष के लोग न्यायालय गए। न्यायालय के आदेश पर अब कोतवाली पुलिस ने जगदीश कुमार, रामदीन वर्मा, बिंध्या देवी, शिवकुमार वर्मा, ऊषा वर्मा गायत्री वर्मा, कुसुम वर्मा व सुषमा वर्मा के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना महिला उपनिरीक्षक ज्योति सविता द्वारा की जा रही है।

### एक किलो सौ ग्राम गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**कुंडा।** पुलिस ने एक युवक को एक किलो 100 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत करने भेजा। इंस्पेक्टर मनोज कुमार पांडेय गुरुवार को दरोगा अंकित सिंह, चरन सिंह, गंगा चरण प्रजापति आदि पुलिस टीम के साथ वाहन चेकिंग को निकले थे। तभी खेमीपुर बाजार के पास छापामारी कर एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार सत्यम सिंह उर्फ मोनू निवासी टिकरिया बुजुर्ग कुंडा के पास के पुलिस ने एक किलो सौ ग्राम गांजा बरामद किया। उसे कोतवाली लाकर एनडीपीएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया।

### सड़क हादसों में चार लोग घायल

**कुंडा।** हथिगवां थाना क्षेत्र के सरैया प्रवेशपुर गांव निवासी शिव श्याम मौर्य की 50 वर्षीय पत्नी मंजू संगिनी अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गई। मानिकपुर थाना क्षेत्र के भरचक करीम कला गांव निवासी 26 वर्षीय करन बाइक से जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गए। नवाबगंज थाना क्षेत्र के सैदासीपुर गांव निवासी 60 वर्षीय छोटेलाल अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। कोतवाली के ताजपुर गांव निवासी तीरथ लाल गौतम की 45 वर्षीय पत्नी सावित्री देवी अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गई। परिजनों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

## युवती हुई लापता, अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा

**लालगंज।** युवती के लापता होने को लेकर लालगंज पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के सलेम भदारी निवासी राजकुमार पाण्डेय पुत्र स्व0 राम अंजोर पाण्डेय ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती नौ अप्रैल की रात उसकी पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गयी। सुबह पुत्री को लापता देख मां परेशान हो गयी। पीड़ित ने तहरीर में आशंका जतायी है कि उसकी पुत्री को कोई बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

# बालिका शिक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

### छात्राओं ने निकाली 'स्कूल चलो अभियान' रैली

**अखंड भारत संदेश**




**पट्टी।** तहसील क्षेत्र के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, रायपुर पट्टी में फावा नेटवर्क लखनऊ के निर्देशन में तरुण चेतना संस्था द्वारा ह्वबालिका शिक्षा का महत्वह्व विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के साथ-साथ डिजिटल युग में मोबाइल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के उपनिदेशक श्याम शंकर शुक्ला ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल तकनीक और एआई का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बालिकाओं को शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने और तकनीकी ज्ञान से सशक्त होने के लिए प्रेरित किया। अभियान प्रभारी हुस्नारा बानो ने बताया कि उनकी संस्था बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सघन अभियान चला रही है, ताकि अधिक से अधिक बालिकाएं शिक्षा से जुड़ सकें और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बन सके। कार्यक्रम के उपरांत ह्वस्कूल चलो अभियानह्व के अंतर्गत छात्राओं द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें शिक्षा के महत्व के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य, अध्यापकगण, कंचन मिश्रा, अपर्णा, पूजा गुप्ता सहित अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया।

## तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**प्रतापगढ़।** रंजिशन मारपीट को लेकर उदयपुर पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे बसंदर मंगापुर निवासिनी मोहिनी पत्नी प्रमोद कुमार ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती नौ अप्रैल को उसके जेठ विजय कुमार को गांव की ही सुमित्रा साहू व रोशनी तथा सुमित्रा के दामाद गोलू ने एकराय होकर लाठी डण्डा से मारने पीटने लगे। बीचबचाव को पीड़िता व उसका पति पहुंचा तब आरोपियो ने गालीगलौज करते हुए इन्हें भी मारापीटा। चुटहिलों के शोर मचाने पर आरोपियों ने जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गोलू समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# आग से सैकड़ो बीघा फसल जलकर हुई राख

**पट्टी।** तहसील क्षेत्र में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब शॉर्ट सर्किट से उठी चिंगारी ने तेज बवंडर जैसे तूफान के साथ मिलकर भीषण आग का रूप ले लिया। पलक झपकते ही सैकड़ों किसानों की गाढ़ी मेहनत से तैयार फसल जलकर राख हो गई और उनके परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया।

आग ने एक साथ कई गांवों को अपनी चपेट में ले लिया। सुबह गांव निवासी विपिन तिवारी, रविकांत तिवारी, मातादीन यादव, राम बहादुर यादव, विनोद यादव और लविश यादव (निवासी कलियनापुर) की करीब 12 से 13 बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर खाक हो गई। वहीं बरहूपुर, नवाबाद, भिवनी और वारीकलां गांवों में भी आग ने विकराल रूप धारण कर सैकड़ों बीघा फसल को अपनी भेंट चढ़ा दिया। तेज हवाओं के चलते आग की लपटें और धुआं आसमान तक पहुंचता नजर आया। इस दौरान एक हार्वेस्टर मशीन के भी जलने की सूचना है। कंधई क्षेत्र के कमाही गांव में भी शॉर्ट सर्किट से लगी आग लगातार फैलती रही, जहां कई बीघा गेहूं की फसल जल गई। हालात ऐसे रहे कि कई स्थानों पर फायर ब्रिगेड समय से नहीं पहुंच सकी, जिससे ग्रामीणों को खुद ही आग बुझाने के प्रयास करने पड़े। घंटों तक तबाही का यह मंजर चलता रहा और बेबस किसान अपनी जलती फसलों को बचाने की जद्दोजहद करते नजर आए। फिलहाल अनुमान है कि इस भीषण अग्निकांड में सैकड़ों किसानों की फसल जलकर राख हो गई है, जिससे पूरे इलाके में मायूसी और चिंता का माहौल है।



## हिमंता विस्वा सरमा का पुतला फूंकने गए कांग्रेसी

### छीना झपटी में पुतला छीनकर भागी पुलिस

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** कांग्रेस पाटी के नेताओं द्वारा नगर पंचायत चरवा में शुक्रवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा का पुतला फूंका इस दौरान जिलाध्यक्ष की पुलिस से तीखी नोक झोंक और बहस हुई इसके बाद जिलाध्यक्ष गौरव ने बताया कि हिमंता विस्वा सरमा ने किस प्रकार से कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया जिसके विरोध में कांग्रेसियों ने पुतला फूंका है यह अमर्यादित भाषा उनके संस्कार को दर्शाता है यह न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है बल्कि देश की राजनीतिक मर्यादाओं को भी तार तार करने वाला कृत्य है हम अपने नेताओं के सम्मान की लड़ाई लड़ेंगे हम भाजपा और उनके नेताओं से डरने वाले नहीं है हमारी कांग्रेस पाटी सबको साथ लेकर और उनका सम्मान बढ़ाने का कार्य करती है लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार और उसके नेताओं को अहंकार हो गया है जिसे जनता अब बखूबी जान चुकी है और इनको आने वाले चुनाव में अपने मत के माध्यम से जवाब देगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष दीपक पाण्डेय बाबू जी, उदय यादव, जिला महासचिव सुरेन्द्र शुक्ला,जिला सचिव जयप्रकाश जायसवाल, ब्लाक अध्यक्ष सिराथू रामप्रकाश पंडा, ब्लाक अध्यक्ष नेवादा रावेंद्र यादव, सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय, शुभेंद्र यादव छोटू,आशु पाण्डेय, रमेश यादव, राकेश पाल, मनोज प्रजापति, बाबू लाल सिंह, रामकरण रविदास, प्रदीप गौतम, छोटू केशरवानी, समर सरोज, दीपक कुशवाहा, ज्ञान देव पाण्डेय, सुरेंद्र पासी, बड़का रैदास, राकेश रैदास सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## विधान सभा निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन

### अन्तिम मतदाता सूची जिला निर्वाचन कार्यालय, तहसील कार्यालय एवं समस्त मतदान केन्द्रों पर जनसामान्य के अवलोकन के लिए 01 सप्ताह तक रहेगी उपलब्ध, जनपद की मतदाता सूची भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर भी देख सकते है

**कौशांबी।** अहर्ता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 06.01.2026 से 06.03.2026 तक की अवधि में प्राप्त दावे/आपत्तियों के निस्तारण उपरान्त भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियत कार्यक्रम के अनुसार आज दिनांक 10.04.2026 को निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन जनपद स्तर पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय (तहसील) में सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा, प्रत्येक पदाभिहित स्थलों (मतदान केन्द्र) एवं मतदेय स्थलों पर सम्बन्धित बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा कर दिया गया है। मतदेय स्थलों पर अन्तिम प्रकाशित मतदाता सूची जनसामान्य के अवलोकन के लिए 01 सप्ताह के लिये उपलब्ध रहेगी।

## हत्या का प्रयास करने वाले अभियुक्त को मंझनपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में दिनांक 27.12.2025 को साहिदा बेगम पत्नी मोहर अली निवासी बहादुरपुर थाना मंझनपुर के घर में घुस कर महिला और उसके बेटे को आरोपी अजमेरी व आजाद ने मारापीटा व घर में रखे सामान को तोड़फोड़ किया गया तथा जान से मारने की घमकी दी गयी तहरीर के आधार पर थाना मंझनपुर पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम मे थाना मंझनपुर पुलिस ने मुकदमा से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अजमेरी अहमद पुत्र जलील निवासी बहादुरपुर थाना मंझनपुर को गिरफ्तार किया गया है विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया है।

## न्यूज झरोखा

### दरवाजे का ताला तोड़कर लाइसेंसी राइफल, जेवरात और नगदी उठा ले गए चोर



**महेवा घाट कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के लोधन का पूरा गांव में शुक्रवार बीती रात को किसान के घर में ताला तोड़कर अंदर रखी लाइसेंसी राइफल,करतूत,नगदी रुपए सहित जेवरात को चोर उठा ले गए है ।जानकारी होने पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है लोधन का पूरा निवासी रजवंत कुमार लोधी ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम करीब आठ बजे गेहूं कतराते के लिए परिवार सहित खेत की ओर चला गया। बताया कि देर रात घर के मेन दरवाजे का ताला तोड़कर बक्से में रखा लाइसेंसी राइफल,12 जिंदा कारतूस,आधा किलो की करधनी,एक पाव का छागल सहित तीन लाख रुपए का जेवरात और दस हजार रुपए नगदी चोरों ने पार कर दिया। शुक्रवार सुबह खेत से वापस लौटा तो घर के अंदर कमरे में बक्से का टूटा ताला और बिखरा सामान देखकर होश उड़ गए। जिसकी जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### भाजपाइयों ने गांव बस्ती चलो अभियान के तहत किया जनसंपर्क



**अझुवा कौशाम्बी** भारतीय जनता पाटी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे गांव बस्ती चलो अभियानह्व के तहत शुक्रवार को अझुवा कस्बे के वार्ड नंबर 2 अंबेडकर नगर हरिजन बस्ती में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपाइयों ने घर-घर जाकर केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी तथा लोगों की समस्याएं भी सुनीं। कार्यकर्ताओं ने आमजन से सीधा संवाद कर उनकी जरूरतों को समझने का प्रयास किया।कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष शांति देवी कुशवाहा, चेयरमैन प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा,सुरेश द्विवेदी, नामित सभासद देवेश कुमार, सभासद रामबाबू मोदनवाल, सभासद सुमित्रा देवी, सभासद प्रतिनिधि रामदास साहू सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अटसरई में एसडीएम ने कैम्प लगाकर सुलझाए भूमि विवाद




**अझुवा कौशाम्बी।** भूमि विवादों के त्वरित निस्तारण को लेकर प्रशासन सक्रिय नजर आ रहा है। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी सिराथू योगेश कुमार गौड़ एवं क्षेत्राधिकारी की संयुक्त अगुवाई में शुक्रवार को ग्राम अटसरई में विशेष कैम्प आयोजित किया गया,जहां राजस्व और पुलिस टीम ने मिलकर शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया ।टॉप-10 भूमि विवाद अभियान के तहत आयोजित इस कैम्प में कुल 5 मामलों का निस्तारण मौके पर किया गया। इनमें गाटा संख्या 687 और 959 की भूमिधरी भूमि पर कब्जे से जुड़े विवाद प्रमुख रहे, जिन्हें आपसी सहमति और प्रशासनिक हस्तक्षेप से सुलझाया गया ।प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से शिकायतकर्ताओं ने संतोष जताया। कैम्प में ग्रामीणों को भूमि विवाद से बचने के उपायों के साथ-साथ कानूनी प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई ।उप जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी तरह संवेदनशीलता और तत्परता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाए, ताकि विवादों को बढ़ने से पहले ही रोका जा सके।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत पशुपालकों को किया गया जागरूक




**अझुवा कौशाम्बी** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत पशुपालन विभाग की टीम ने शुक्रवार को विकास खंड कड़ा के उचरावां, निदुरा और डोरमा गांव में जागरूकता अभियान चलाया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक सिंह के नेतृत्व में टीम ने पशुपालकों एवं सूकरपालकों को साफ-सफाई, पशुओं के नियमित टीकाकरण और विभिन्न रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। साथ ही पशुओं में फैलने वाले संक्रामक रोगों के प्रति सतर्क रहने की अपील की गई ।इस दौरान पैरावेट मनोज श्रीवास्तव और रोशनलाल सहित टीम के अन्य सदस्यों ने ग्रामीणों को व्यवहारिक जानकारी देकर जागरूक किया।

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल अस्पताल मे भर्ती




**कोखराज कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र के मालाक भायल के पास अनियंत्रित बाइक सवार सड़क हादसे का शिकार हो गया है जिससे वह सड़क पर गिर गया और गंभीर घायल हो गया है जानकारी मिलते ही एंबुलेंस लेकर रवि तिवारी और महेश कुमार मौके पर पहुंचे हैं और घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है। जानकारी के अनुसार अशोक कुमार पुत्र लल्लू निवासी मौली थाना चरवा शुक्रवार को अपने रिश्तेदार के घर बाइक से विदनपुरपुर ककोढा जा रहा था तभी एक तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गया बाइक सवार को गम्भीर चोटें आई हैं राहगीरों ने घटना की सूचना कोखराज थाना पुलिस और एंबुलेंस को दिया मौके पर पहुँची पुलिस ने डायल108 एम्बुलेंस की मदद से घायल को सी एच सी अस्पताल मूरतगंज में भर्ती कराया है पुलिस ने घायल के परिजनों को सूचना दे दिया है जिससे परिजन मौके पर पहुँच गए।

## उत्तर प्रदेश उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ने चुना जिला अध्यक्ष

### राजन अग्निहोत्री अध्यक्ष वा अमित सिंह उपाध्यक्ष वा मयंक अग्रहरि संयुक्त सचिव व सत्यम अग्रहरि सचिव व आशुतोष मिश्रा कोषाध्यक्ष बने




**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन के पदाधिकारियो के माध्यम से मुख्यालय मंझनपुर के सोना रेस्टोरेंट में शुक्रवार को चुनाव सम्पन्न हुआ बैठक मे मौजूद सभी लोगो ने रज्जन अग्निहोत्री को जिला अध्यक्ष चुना व अमित सिंह को जिला उपाध्यक्ष व मयंक अग्रहरि को संयुक्त सचिव व सत्यम अग्रहरि को सचिव व आशुतोष मिश्रा को कोषाध्यक्ष चुना गया.मंझनपुर के सोना रेस्टोरेंट में हुई इस बैठक में यू.पी.एम.एस.आर.ए ने अपनी मांगो को लेकर भी चर्चा किया जिसमें दवाओ को जी.एस.टी फ्री होना चाहिए और सरकार द्वारा लाए गए 4 लेबर को हटा कर फ़िर से पुराना लेबर कोड बहाल किया जाए.काम के घंटे 8 किये जाये, व सभी कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन 26000 किया जाए इत्यादि मांगो को लेकर यूनियन मे चर्चा हुई.बैठक मे राम लखन दुर्गेश मिश्रा,संदीप त्रिपाठी द्रुवेंद्र अग्रहरि,अनुज सिंह, सचिन मोदनवाल ,मनीष कुमार,रवि दुबे,अंजनेय , इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## अस्पताल में भती पत्रकार राजू सक्सेना का हाल-चाल लेने पूर्व सांसद समेत पहुंचे तमाम लोग



**कौशांबी।** भरवारी कस्बे के रहने वाले पत्रकार राजू सक्सेना बीमारियों से जूझ रहे थे उन्हें इलाज के लिए इलाहाबाद के अस्पताल में भती कराया गया इलाहाबाद के अस्पताल में डॉक्टर सीनियर डॉक्टर तरुण कालरा एवं डॉक्टर अभिषेक केसरवानी के द्वारा राजू सक्सेना का ऑपरेशन किया इस बात की जानकारी जैसे ही समाजवादी पाटी के पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार को लगी वह अस्पताल पहुंच गए और पत्रकार राजू सक्सेना का हाल-चाल जाना राजू सक्सेना का हाल-चाल जानने के लिए अस्पताल पहुंचने वाले में पूर्व प्राचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव विवेक स्वरूप डॉक्टर राकेश श्रीवास्तव नीलू अरोड़ा मुन्ना केशरवानी सुशील केसरवानी शिवांशु केसरवानी बीरेंद्र कुमार केधरवानी उर्फ. कोको भाई बालकिशन केशरवानी पूर्व सभासद राकेश अरोड़ा सूरज प्रसाद केसरवानी हिमांशु केशरवानी सहित तमाम लोग अस्पताल पहुंचे और राजू सक्सेना का हाल-चाल जाना उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना ईश्वर से की।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के डोरमा गांव के पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया ।बताया जा रहा है कि सर्विस लेन से गुजर रहे बाइक सवार को अज्ञात चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में घायल व्यक्ति सड़क पर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और घायल को एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराथू भेजा गया ।घायल की पहचान हीरालाल पुत्र बिंद प्रसाद के रूप में हुई है,जो दूध बेचकर अपने घर वापस लौट रहा था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार वाहन की तलाश कर रही है।

## दो थानेदारों के क्षेत्र में हुआ बदलाव

**कौशाम्बी** कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत ने सैनी कोतवाल धर्मेंद्र सिंह को पुलिस लाइन भेजा गया कड़ा धाम थानाध्यक्ष त्रिलोकीनाथ नाथ पांडेय को सैनी कोतवाली इंचार्ज बनाया गया और कड़ा धाम थाना इंचार्ज विनीत सिंह को बनाया गया है।

## नाबालिक बालिका को शादी के नाम पर बेचने की मास्टरमाइंड निकली उसकी भाभी

### रूपये देकर नाबालिग का विवाह कराने वाले 03 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र में रुपए लेकर के नाबालिक बालिका का विवाह करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने पहले गिरफ्तार किया था और तीन आरोपियों को पुलिस ने फिर गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है नाबालिग बालिका की माता ने सूचना दी थी कि बेटा व बहू द्वारा रघुवीर व अन्य लोगों के साथ मिलकर 14 वर्षीय पुत्री का बाल विवाह अलीगढ़ निवासी सत्येन्द्र उम्र 35 वर्ष के साथ कर दिया है तथा उससे लाखों रूपये ले लिये प्राप्त सूचना के आधार पर थाना करारी पर मु0अ0सं0 260/ 25 धारा 137 (2) /127(2)/ 143(1) /3(5) बीएनएस व 9/11 बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम पंजीकृत हुआ घटना से सम्बन्धित 03 अभियुक्तों को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजा जा चुका है उपरोक्त क्रम में थाना करारी पुलिस ने मुकदमा से सम्बन्धित शेष 03 वांछित अभियुक्तों सुजीत पुत्र दीनबन्धु वा. रितु पत्नी सुजीत निवासी कसिया पूर्व थाना संदीपनघाट वा.रघुवीर पुत्र दुबरी निवासी ग्राम लहना थाना करारी को ग्राम मीरापुर नहर के पास से गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया।

## स्कूल बस चालक बस खड़ी कर उतारने लगा बच्चे, दुर्घटना में दो बच्चे घायल

### स्कूल बस के चालक की लापरवाही से हो सकता था बड़ा हादसा

अखंड भारत संदेश




**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एम वी कान्वेंट स्कूल की बस बच्चों को लेकर जा रही थी हाइवे पर गंगा इण्डेन गैस के सामने रोड पर ही बस चालक ने बस खड़ी कर बच्चों को उतारने लगा तभी पीछे से आ रही कंटेनर ने रोक दिया दो वाहनों के अचानक सड़क पर खड़े हो जाने से तीसरी ट्रक चालक स्थिति को नियंत्रित नहीं कर सका और अचानक आ कर कंटेनर में पीछे से टक्कर मार दिया जिससे आगे खड़े कंटेनर में टक्कर के कारण बस में टक्कर हो गई स्कूल की बस में सवार दो बच्चों को मामूली चोटें आई है लेकिन स्कूल बस चालक की लापरवाही व बच्चों के साथ खिलवाड़ करने वाले पर क्या कार्यवाही होगी सूचना पर पहुँची पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर जाँच पड़ताल में लगी हैं लोगों के अनुसार बस चालक रोड पर ही बस रोक कर बच्चों को उतार रहा था तभी तीसरी ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया जिससे जिससे दो वाहन आपस मे टकरा गए पुलिस ने मौके से पहुँच कर कंटेनर व बस को क्रेन की मदद से रोड खाली कराया गया है जिससे अवागमन बाधित न हो।

## पेड़ कटान से किसान की फसल तबाह, पुलिस जांच में जुटी

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा कस्बे में लकड़ी कटान का मामला सामने आया है, जहां पेड़ों की अवैध कटाई से एक किसान की गेहूं की फसल बर्बाद हो गई।

पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है, जिस पर जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 3 शांतिनगर अझुवा निवासी पंचम लाल चौरसिया पुत्र स्वगीय छोटेलाल ने अझुवा चौकी में शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि उसके खेत के बगल में स्थित पड़ोसियों के बाग में खड़े पेड़ों को गुरुवार को लकड़ी माफियाओं द्वारा काट दिया गया। कटान के बाद पेड़ों की झलासी उसके गेहूं के खेत में फेंक दी गई, जिससे खड़ी और कटी फसल को भारी नुकसान पहुंचा।पीड़ित का कहना है कि उसकी मेहनत से तैयार की गई फसल पूरी तरह से प्रभावित हो गई है, जिससे उसे आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है। सूचना पर चौकी पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## बाइक सवार को कंटेनर ने मारी टक्कर, मौत

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के ननमाई मोड़ के पास शुक्रवार रात 9 बजे बाइक सवार पिंटू उम्र 25 वर्ष निवासी अंदावा को कानपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दिया जिससे पिंटू बाइक समेत सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल पिंटू को इलाज के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा लेकिन जिला अस्पताल पहुंचते ही उसकी मौत हो गई मामले की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं दुर्घटना के बाद कंटेनर को छोड़कर चालक फरार हो गया है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है कंटेनर को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है परिवार में कोहराम मचा हुआ है बताया जाता है कि बाइक सवार किसी काम से कोखराज आया था और वापस घर लौट रहा था घर लौटते वक्त हादसे का शिकार हो गया है।

## कशिया पूर्व ग्राम में एसडीएम ने सुनी ग्रामवासियों की समस्याएं, मौके पर पहुंच किया समाधाान

अखंड भारत संदेश



**हर्रायपुर कौशाम्बी।** एसडीएम चायल अरुण कुमार ने शुक्रवार को गॉव की समस्या,गॉव में समाधान के अन्तर्गत विकास खण्ड मूरतगंज की ग्राम-कशिया पूर्व में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी ने ग्राम के लाभार्थियों, पेंशन,राशन मिलने, कन्या सुमंगला योजना एवं आवास आदि योजनाओं से लाभान्वित होने की जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि छूटे हुए सभी पात्र लोगों को शीघ्र लाभान्वित कर दिया जाय। उन्होंने ग्रामवासियों से पूँछा कि अध्यापक समय से विद्यालय आते हैं या नहीं, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता,ठीक प्रकार से शिक्षण कार्य करते हैं कि नहीं,जिस पर ग्रामवासियो ने बताया कि अध्यापक विद्यालय समय से आते हैं एवं ठीक प्रकार से शिक्षण कार्य भी करते हैं। उनके द्वारा नजदीकी सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं। और ग्रामीणों को फार्मर रजिस्ट्री जरूर कराये एवं उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह व नायब तहसील दार कपिल मिश्रा मौके पर पहुंचकर दो जमीनी विवादों को तत्काल निस्तारण किया और हल्का क्षेत्र लेखपाल को निर्देशित किया इस मौके पर संदीपन घाट थाना प्रभारी इंद्रदेव वा मूरतगंज पुलिस चौकी प्रभारी कालिका प्रताप सिंह व कानून को सरफराज अहमद लेखपाल ज्ञानपाल, नरेंद्र सिंह, चंद्रभूषण यादव, जितेंद्र मालवीय, सतीश चंद्र, व वार्ड नंबर 19 दुर्गा भाभी नगर पार्षद प्रतिनिधि हसनैन मंसूरी व आलोक कुमार द्विवेदी सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के राजनैतिक दलो के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलो के पदाधिकारियों को अन्तिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली एवं डाटा की पीडीएफ फाइलें करायी उपलब्ध, अन्तिम प्रकाशन के बाद कौशांबी में हुई मतदाताओं की संख्या 10 लाख 48 हजार 693

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ अमित पाल ने शुक्रवार को एन.आई.सी. सभागार में जनपद के राजनैतिक दलो के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में भारतीय जनता पाटी के जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार केसरवानी बच्चा, समाजवादी पाटी के जिलाध्यक्ष दयाशंकर यादव, भारतीय कांग्रेस पाटी के हेमन्त कुमार रावत एवं बहुजन समाज पाटी के आदित्य गौतम उपस्थित रहे। सभी उपस्थित पदाधिकारियों को जनपद के तीनों विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की अन्तिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली एवं डाटा की पी0डी0एफ0 फाइलें 1-1 प्रति में उपलब्ध करायी गयी जनपद स्तर पर आलेख्य प्रकाशन पर मतदाताओं की संख्या 10,01,094 थी कुल शुद्ध बढ़े हुये मतदाताओं की संख्या 47,599 होने के पश्चात अन्तिम प्रकाशन पर मतदाताओं की संख्या 10,48,693 है। जनपद की मतदाता सूची वेबसाइट पर मतदाताओं के अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

## गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्ता को करारी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** करारी थाना पर गैंग लीडर विमला देवी व उसके गैंग 02 अन्य सदस्यों के विरुद्ध मु0अ0सं0 53/26 धारा 2/3 उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट पंजीकृत किया गया था इनके द्वारा अपने गैंग के साथियों के साथ मिलकर आर्थिक,भौतिक एवं दुनियाबी लाभ हेतु चोरी,छिनैती एवं डकैती जैसे अपराध कारित किए गए थे पूर्व में गैंग लीडर विमला देवी व एक सदस्य उषा देवी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जा चुका है । अन्य अभियुक्ता की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया जा रहा था दिनांक 10.04.2026 को थाना करारी पुलिस ने मुकदमा से सम्बन्धित वांछित अभियुक्ता ननकी देवी उर्फ राजकुमारी पत्नी स्व0 राज कुमार उर्फ बकरा निवासी ग्राम बैसकाठी थाना करारी को बैसकाठी से गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्ता को न्यायालय भेजा गया हैं।

# सम्पादकीय

## असम चुनाव से पहले घमासान

**असम** में चुनाव से दो दिन पहले बड़ा हंगामा खड़ा हो गया है। गुरुवार 9 अप्रैल को राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है और उससे पहले मंगलवार को असम पुलिस दिल्ली में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के घर गिरफ्तारी के लिए पहुंच गई। उनके घर के आसपास पुलिस ने जिस तरह की घेराबंदी की, उसे देखकर ऐसा लगा मानो किसी कुख्यात अपराधी के घर दबिश दी जा रही है। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वासरमा ने पवन खेड़ा के लिए जिस भाषा का इस्तेमाल किया, वह भी विचारणीय है। श्री बिस्वासरमा ने कहा कि पवन खेड़ा को मैं पवन पेड़ा बना दूंगा। हम पवन खेड़ा को पाताल से भी ढूंढ कर पकड़ लेंगे। उनका आरोप है कि पवन खेड़ा गिरफ्तारी से बचने के लिए हैदराबाद भाग गए। वहीं कांग्रेस के अध्यक्ष और देश के वयोवृद्ध नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के लिए भी हिमंता बिस्वासरमा ने यही कहा कि उनकी उम्र हो गई है और वो पागल जैसी बात कर रहे हैं। इसके अलावा भाजपा के मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कांग्रेस के लोग सब फालतू हैं, राहुल गांधी पागल है और पवन खेड़ा उनसे भी ज्यादा पागल है।

जनता ने हमेशा देखा है कि चुनाव के वक्त विरोधी दल एक-दूसरे पर आरोप लगाते हैं, कई बार मयार्दा लांघकर निजी प्रहार भी होते हैं। लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि इन्हें सहज स्वीकारा जाए। अगर इस प्रवृत्ति पर सवाल नहीं उठाए गए, तो यह अशिष्टता की यह बीमारी पूरी तरह लाइलाज हो जाएगी। हिमंता बिस्वासरमा ने पहली बार राहुल गांधी या कांग्रेस पर हमला नहीं किया है। जब राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर असम पहुंचे थे, तो उन्हें वहां रोकने की कोशिश हुई थी और कांग्रेसी नहीं रुके तो राहुल गांधी पर मामला भी दर्ज हुआ था। पिछले कई महीनों से हिमंता बिस्वासरमा गौरव गोगोई और उनकी पत्नी पर पाकिस्तान के लिए काम करने के आरोप भी लगाते रहे हैं। जैसा कि हमने पहले कहा कि विरोधी एक दूसरे पर आरोप लगाते रहते हैं और इनका जवाब देने का तरीका यही है कि जिन पर आरोप लगे वे उन्हें खारिज करने के लिए अपने तर्क सामने रखें और जिन्होंने आरोप लगाए, वे उनकी पुष्टि के लिए सबूतों को पेश करें। लेकिन हिमंता बिस्वासरमा तो अपने ऊपर लगे आरोपों पर बात करने की जगह सीधे कार्रवाई पर उतर आए हैं। इसमें भी भाजपा का खेल समझ आ गया है। हिमंता बिस्वासरमा का कहना है कि उनके लोग दिल्ली गए हुए हैं, यानी असम पुलिस को उन्होंने अपने लोग बताया, जबकि आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस-प्रशासन सब चुनाव आयोग के अधीन होता है, तो अब यह भाजपा को बताना होगा कि क्या पवन खेड़ा को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस को दिल्ली भेजने का फैसला उनका था, या फिर यह चुनाव आयोग के निर्देश पर हुआ। इधर इन पंक्तियों के लिखे जाने तक श्री खेड़ा गिरफ्तार तो नहीं हुए हैं, लेकिन असम पुलिस ने उनके घर छापा मारा है, जिसमें घर से एक लैपटॉप, एक फोन, दो पेन ड्राइव और एक हॉगकॉग डॉलर मिलने की खबर है। कांग्रेस के पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने इस कार्रवाई पर भी सवाल उठाए हैं कि जब छापा मारा गया है तो क्या मिला है, उसकी पूरी सूची देनी चाहिए। पेन ड्राइव के अंदर क्या है यह भी बताना चाहिए। क्या भरोसा है कि पुलिस पेन ड्राइव खोलकर इसके अंदर कुछ डाल देगी।

# पांच राज्यों में चुनाव के नाम पर हो रहा डरावना नाटक

**अनिल जैन**

**चुनाव** आयोग की ओर से आदर्श आचार संहिता लागू है, जिसके मुताबिक चुनाव प्रचार के दौरान न तो धार्मिक प्रतीकों का इस्तेमाल किया जा सकता है और न ही धर्म, संप्रदाय और जाति के आधार पर वोट देने की अपील की जा सकती है। इसके अलावा किसी भी धार्मिक अथवा जातीय समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाने वाले भाषण देने या नारे लगाने का भी आचार संहिता निषेध करती है। इसके बावजूद भाजपा की ओर से धर्म के नाम पर वोट मांगे जा रहे हैं।

इस समय पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और केंद्र शासित पुद्दुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रचार अभियान जारी हैं। भाजपा की ओर से हमेशा की तरह प्रचार की कमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने संभाल रखी है। उनके अलावा तमाम केंद्रीय मंत्री, सभी भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उनकी पार्टी के तमाम नेता धुआंधार प्रचार कर रहे हैं। सभी के प्रचार की वही चिर-परिचित थीम है, जो पिछले बारह साल से हर चुनाव में रहती आई है- धर्म, हिंदू, मुसलमान, पाकिस्तान, गाय आदि। दूसरी पार्टियां भी कहीं-कहीं इसी लाइन पर अपनी प्रतिक्रियाएं दे रही हैं। आम जनता के रोजमर्रा के जीवन से जुड़े सवालों की कोई चर्चा नहीं।


कहने को तो चुनाव आयोग की ओर से आदर्श आचार संहिता लागू है, जिसके मुताबिक चुनाव प्रचार के दौरान न तो धार्मिक प्रतीकों का इस्तेमाल किया जा सकता है और न ही धर्म, संप्रदाय और जाति के आधार पर वोट देने की अपील की जा सकती है। इसके अलावा किसी भी धार्मिक अथवा जातीय समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाने वाले भाषण देने या नारे लगाने का भी आचार संहिता निषेध करती है। इसके बावजूद भाजपा की ओर से धर्म के नाम पर वोट मांगे जा रहे हैं और एक समुदाय विशेष के खिलाफ नफरत फैलाने वाली बातें कही जा रही हैं।

खुद मोदीजी भी अपनी चुनावी रैलियों में खुले आम धार्मिक आधार पर लोगों से वोट देने की अपील कर रहे हैं और लोगों से धार्मिक नारे लगवा रहे हैं। उनकी रैली के मंच पर हमेशा की तरह धार्मिक प्रतीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा तो सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करने के मकसद से इस चुनाव को 'सभ्यताओं का संघर्षइ तक बता रहे हैं। यही नहीं, वे विरोधी पार्टी के नेताओं के खिलाफ अपने बयानों में भद्दी गालियों तक का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह सब बेरोक-टोक चल रहा है, जो कि कानूनन कतई नहीं चलना चाहिए।

ऐसे माहौल में करीब तीन दशक पहले का वाकया याद आता है, जब चुनावी सभा में भड़काऊ और नफरत फैलाने वाला भाषण देने के लिए शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे पर चुनाव आयोग ने छह साल के लिए चुनाव लड़ने और वोट देने पर पाबंदी लगा दी थी। मामला यह था कि 1987 में महाराष्ट्र विधानसभा की विले पार्ले मुंबई सीट पर उपचुनाव हो रहा था। मुख्य मुकाबला कांग्रेस के उम्मीदवार प्रभाकर काशीनाथ कुंटे और निर्दलीय उम्मीदवार डॉ. रमेश यशवंत प्रभु के बीच था। डॉ. रमेश प्रभु को बाल ठाकरे की शिव सेना का समर्थन प्राप्त था।

गौरतलब है कि उस समय शिव सेना को एक राजनीतिक दल के रूप में मान्यता नहीं मिली थी, लेकिन शिवसेना सुप्रीमो बाल ठाकरे खुद डॉ. प्रभु के लिए चुनावी सभाओं के जरिए वोट मांग रहे थे। 13 दिसंबर, 1987 को मतदान हुआ था और 14 दिसंबर को उस उप चुनाव का नतीजा आया था। कांग्रेस उम्मीदवार प्रभाकर कुंटे को हार का सामना करना पड़ा। इस उपचुनाव से पहले विले पार्ले सीट कांग्रेस के पास ही थी।

कांग्रेस के प्रभाकर कुंटे ने डॉ. प्रभु के निर्वाचन को हाईकोर्ट में चुनौती दी। उन्होंने आरोप लगाया कि डॉ. प्रभु भड़काऊ और नफरत फैलाने वाले भाषणों के सहारे चुनाव जीते हैं। उन्होंने अपने आरोप के समर्थन में सबूत पेश करते हुए डॉ. प्रभु का चुनाव रद्द करने की अपील की। कई महीनों तक चली सुनवाई के बाद 7 अप्रैल, 1989 को बॉम्बे



हाई कोर्ट ने डॉ. रमेश प्रभु और बाल ठाकरे को 'जनप्रतिनिधित्व कानून 1951इ में परिभाषित 'चुनाव में भ्रष्ट आचरणइ का दोषी पाया और इस आधार पर विले पार्ले सीट के उपचुनाव का नतीजा रद्द कर दिया। बॉम्बे हाई कोर्ट के इस फैसले को डॉ. प्रभु ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, लेकिन 11 दिसंबर 1995 को सुप्रीम कोर्ट ने उनकी अपील खारिज करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा।

पहले हाई कोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से डॉ. प्रभु को तो सजा मिल गई लेकिन उनका चुनाव जिन बाल ठाकरे के भ्रष्ट आचरण से प्रभावित हुआ था, वे तो किसी भी सार्वजनिक पद पर या किसी सदन के निर्वाचित सदस्य नहीं थे, इसलिए उनकी सजा क्या हो? देश के मुख्य चुनाव आयुक्त रहे टीएस कृष्णमूर्ति के मुताबिक ऐसे मामलों मे छह साल के लिए मताधिकार से वंचित किया जाना अधिकतम सजा है। ऐसे मामले अदालत की ओर से राष्ट्रपति की ओर संदर्भित किए जाते हैं, क्योंकि मतदाता सूची में कोई भी बदलाव राष्ट्रपति के आदेश से ही हो सकता है। राष्ट्रपति अपने पास आए संबंधित मामले पर चुनाव आयोग से राय मांगते हैं और चुनाव आयोग की राय मिलने के बाद वे फैसला करते हैं।

इस कानूनी प्रावधान के तहत सुप्रीम कोर्ट की ओर से बाल ठाकरे का मामला भी राष्ट्रपति को भेजा गया। उस समय राष्ट्रपति थे के आर नारायणन। मुख्य चुनाव आयुक्त के पद पर उस समय डॉ. मनोहर सिंह गिल थे और उनके साथ जे एम लिंगदोह व टीएस कृष्णमूर्ति चुनाव आयुक्त थे। राष्ट्रपति नारायणन ने तय प्रक्रिया के तहत बाल ठाकरे का मामला चुनाव आयोग के पास भेजा। चुनाव आयोग ने 22 सितंबर 1998 को अपनी सिफारिश राष्ट्रपति कार्यालय को भेजी। इस सिफारिश में चुनाव आयोग ने लिखा था कि- न्यायपालिका द्वारा दोषी पाए जाने के कारण बाल ठाकरे को छह साल के लिए मताधिकार से वंचित कर दिया जाए। चुनाव आयोग की इस सिफारिश पर तत्कालीन राष्ट्रपति के आर नारायणन ने 28 जुलाई 1999 को छह साल के लिए बाल ठाकरे के मताधिकार पर रोक लगा दी थी।

यह पूरा वाकया बताता है कि उस समय देश की संवैधानिक संस्थाएं अपने आप में कितनी मजबूत और अपने दायित्वों के प्रति कितनी मुस्तैद थी। लेकिन यह सब अब एक इतिहास है।

इस समूचे मामले से जुड़ा एक दिलचस्प वाकया यह भी है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र की एक चुनावी रैली में भाषण देते हुए बाल ठाकरे के रद्द किए गए मताधिकार को उनकी नागरिकता और उनके मानवाधिकार से जोड़ते हुए कांग्रेस पर तोहमत जड़ दी थी कि उसने बाल ठाकरे को छह साल के लिए मताधिकार से वंचित कर दिया था।

मोदी ने 9 अप्रैल 2019 को लातूर की चुनावी रैली में कहा था, 'मैं कांग्रेस वालों से कहता हूं कि जरा दर्पण में अपना मुंह देखो, आपके मुंह से मानवाधिकार की बातें शोभा नहीं देती हैं। आप कांग्रेस वालों को हिंदुस्तान के एक-एक बच्चे को जवाब देना पड़ेगा। आप कांग्रेस वालों ने बालासाहेब ठाकरे की नागरिकता छीन ली थी, उनका मतदान करने का अधिकार छीन लिया था।' मोदीजी को तथ्यों से कोई मतलब नहीं रहता और वे जो मुंह में आता है या जैसा उन्हें बता दिया जाता है, वैसा ही बोल देते हैं, इसलिए इस मामले में भी वे सरासर गलतबयानी कर गए। हकीकत यह है कि बाल ठाकरे को मिली सजा से कांग्रेस का दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं था। जब चुनाव आयोग की सिफारिश पर राष्ट्रपति ने बाल ठाकरे को छह साल के लिए मताधिकार से वंचित करने का फैसला सुनाया था तब केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार थी और कांग्रेस विपक्ष में थी।

खुद बाल ठाकरे ने अपना मताधिकार रद्द किए जाने के फैसले की आलोचना जरूर की थी लेकिन इसके लिए उन्होंने कांग्रेस को कभी जिम्मेदार नहीं ठहराया। अपने को मिली सजा के चलते बाल ठाकरे 1999 के लोकसभा चुनाव और महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव में वोट नहीं डाल पाए थे। उन्होंने 2004 में प्रतिबंध हटने के बाद पहली बार वोट डाला था। बहरहाल आज चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट जिस तरह काम कर रहे हैं, उसे देखते हुए बाल ठाकरे से जुड़ा पूरा वाकया एक सपना जैसा लगता है। अब तो चुनाव आयोग पूरी तरह 'केंद्र सरकार का रसोई घर' बना हुआ है और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार रसोइये की भूमिका में हैं। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर पश्चिम बंगाल में 90 लाख से ज्यादा लोगों को वोट डालने के अधिकार से वंचित कर दिया है, जिनमें से ज्यादातर एक समुदाय विशेष के हैं। उसकी इस कारगुजारी को सुप्रीम कोर्ट ने भी मान्यता दे दी है।

# मिशन शक्ति 5.0: गाजीपुर में हक की बात और शक्ति संवाद कार्यक्रम में महिलाओं की समस्याओं पर खुली चर्चा, 27 मामलों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर । मिशन** शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अन्तर्गत हक की बात जिलाधिकारी के साथ एवं शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन रायफल क्लब गाजीपुर में जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के तहत थीम श्हक की बात जिलाधिकारी के साथ व शशक्ति संवादश कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं से जुड़े विभिन्न समाजिक मुद्दे जैसे लैंगिक असमानता, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न, जमीनी विवाद, और बाल विवाह पर खुल कर चर्चा हुई इस दौरान घरेलू हिंसा, जमीनी विवाद, प्रेम विवाह, शौचालय,




आवास, समूह से संबंधित 27 मामला सामने आया जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुऐ संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के लिये निर्देश दिये उन्होने उपस्थित महिलाओं एवं बच्चियों से कहा कि निडर होकर अपनी समस्यायें प्रशासन के समक्ष रखें, शासन प्रशासन उनकी हर संभव मदद करेगा।

जिलाधकारी द्वारा शक्ति संवाद के तहत मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड-19) एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) तथा स्पान्सरशिप योजना का लाभ ले रहे बच्चों से वातार्लाप करते हुऐ उनके शिक्षा, स्वास्थ्य एवं उनके अविभावकों के बारे में जानकारी लिया गया, साथ ही उन्होंने सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी एवं महिलाओं एवं बच्चों को इनका लाभ उठाने का अपील की कार्यक्रम जिला प्रोबेशन अधिकारी, हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन की टीम, वन स्टॉप की सेन्टर मैनेजर महिलायें एवं बालिकायें बड़ी संख्या में मौजूद रही। कार्यक्रम का उदेश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक एवं सशक्त बनाना रहा।

# तनावपूर्ण चुनाव अभियान में पराजित होती दिख रही भाजपा

**— कल्याणी शंकर**



**कल्याणकारी** योजनाओं की एक श्रृंखला - छात्रों के लिए साइकिल और छात्रवृत्ति, शिक्षा जारी रखने के लिए छात्राओं के लिए नकद हस्तांतरण और स्वास्थ्य बीमा- ने सुनिश्चित किया है कि बनर्जी की लोकलुभावन अपील बेदाग है। वह महिला मतदाताओं के बीच लोकप्रिय बनी हुई हैः इस चुनाव में उनके लगभग 17 प्रतिशत उम्मीदवार महिलाएं हैं।

नवीनतम जनमत सर्वेक्षण अनुमानों के अनुसार पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को ऐतिहासिक चौथा कार्यकाल मिलने की संभावना है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज्य में अपनी पकड़ मजबूत कर रही है और ममता की स्थिति को चुनौती देने के लिए काफी महत्वाकांक्षी है। इस बीच, कांग्रेस और सीपीआई (एम) दोनों ने अपना प्रभाव खो दिया है। ममता के लिए मुख्य संदेश यह है कि भाजपा का उदय इन पारंपरिक पार्टियों की कीमत पर हुआ है।

बंगाल में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा तेज हो गई है, जिससे यह चुनाव राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण बन गया है। यह राज्य अत्यधिक प्रतिस्पर्धी राजनीतिक परिदृश्य को बढ़ावा देता है। टीएमसी को स्पष्ट लाभ है। पार्टी के लिए 119 सीटों को बहुत मजबूत और अतिरिक्त 95 को मजबूत के रूप में वगीर्कृत किया गया है। भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र में ममता बनर्जी का मुकाबला उनके पूर्व सहयोगी और भाजपा उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी से है। भाजपा ने सुवेंदु को मुख्यमंत्री चेहरे के तौर पर पेश किया है।

भाजपा ने अपना अभियान ममता बनर्जी के 15 साल के कार्यकाल के दौरान तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के शासन की आलोचना पर केंद्रित किया है। पिछले हफ्ते, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ एक आरोपपत्र जारी किया था, जिसमें बनर्जी के नेतृत्व की आलोचना करते हुए उन्हें 'ममताजी' या 'दीदी' कहकर संबोधित किया गया था।

2021 के पश्चिम बंगाल चुनाव में टीएमसी ने 215 सीटें हासिल कर अहम जीत हासिल की थी। यह एक उल्लेखनीय राजनीतिक बदलाव को दशार्ता है। इसके विपरीत, भाजपा ने 77 सीटें जीतीं, जो राज्य में उसके बढ़ते प्रभाव को उजागर करती हैं। 2021 के विधानसभा चुनावों के बाद से पिछले पांच वर्षों में, दलबदल और 12 सदस्यों की चुनावी हार के कारण भाजपा की ताकत घटकर 65 हो गई है।

धार्मिक और जातिगत आधार पर मतदान के रूझानों से पता चलता है कि कैसे विभिन्न समुदाय टीएमसी और भाजपा का समर्थन करते हैं, जिससे चुनाव के नतीजे के लिए हर वोट महत्वपूर्ण हो जाता है। उत्तर बंगाल के आठ जिलों में भाजपा मजबूत है, जबकि दक्षिण बंगाल के जिलों में टीएमसी का पूरा वर्चस्व है। भाजपा हिंदू वोटों पर निर्भर है जबकि टीएमसी मुस्लिमों, महिलाओं और असंगठित वोटों पर निर्भर है।

ममता बनर्जी ने मतदाताओं से उन्हें राज्य की सभी 294 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवार के रूप में देखने का आह्वान किया है, न कि केवल व्यक्तिगत टीएमसी उम्मीदवारों के लिए। उन्होंने भाजपा पर बिहार, राजस्थान, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के मतदाताओं को अवैध रूप से पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची में जोड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि वे बिहार के समान तरीकों का उपयोग करके इन मतदाताओं को ट्रेन से ले आने की योजना बना रहे हैं।

पश्चिम बंगाल में लगभग 125 निर्वाचन क्षेत्रों में मुख्य रूप से मुस्लिम आबादी है, जिनमें से टीएमसी ने पिछले चुनाव में 100 से अधिक सीटें जीतीं, जिससे उन्हें मजबूत लाभ मिला है। 2021 के चुनावों के विपरीत,भाजपा अब अपने अभियान में धार्मिक विषयों पर कम ध्यान केंद्रित कर रही है। भाजपा का लक्ष्य 2021 के विपरीत, आगामी चुनावों में धार्मिक विभाजन से बचना है। कुल 30 प्रतिशत से अधिक मतदाता मुस्लिम होने के कारण, पिछले विभाजनों ने उनके समर्थन को नुकसान पहुंचाया है। अपने दृष्टिकोण को नरम करने के लिए, वे अब 'बाहरी' शब्द का उपयोग करते हैं। यह अंदरूनी-बनाम-बाहरी विषय ममता को फायदा देता है।

एक शक्तिशाली राजनीतिक नेता, ममता सन् 2011 में कम्युनिस्ट नेतृत्व वाली सरकार को हटाकर सत्ता में आईं, जिसने 34 वर्षों तक पश्चिम बंगाल पर शासन किया था और तब से उन्होंने अपनी स्थिति बरकरार रखी है। टीएमसी बहुत संरचित नहीं है और इसमें सख्त नियमों का अभाव है। इसमें विश्वासों के एक मजबूत समूह का भी अभाव है। भारत में कई क्षेत्रीय दलों की तरह, यह ममता बनर्जी के मजबूत नेतृत्व पर निर्भर करता है, जिन्हें उनके समर्थक प्यार से दीदी और बंगाल टाइग्रेस के नाम से जानते हैं।

यदि पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत होती है तो उससे पार्टी को महत्वपूर्ण बढ़त मिलेगी, खासकर तब जब नरेंद्र मोदी भारत में सबसे लोकप्रिय नेता होने के बावजूद राज्य चुनावों में संघर्ष कर रहे हैं। बड़े पैमाने पर मुस्लिम मतदाताओं वाले राज्य में जीतना एक मजबूत प्रतीकात्मक महत्व होगा और 2024 के आम चुनावों में मोदी की संगठित पार्टी को चुनौती देने के लिए खंडित विपक्ष के लिए किसी भी शेष संभावना को कम कर देगा।

ममता बनर्जी ने भाजपा एजेंटों पर बाहरी लोगों को शामिल करने के लिए फर्जी फॉर्म 6 आवेदनों के साथ पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची में बाढ़ लाने का आरोप लगाया है। उन्होंने चुनाव आयोग से लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करने का आग्रह किया।

# अंबेडकर जयंती की तैयारियों को लेकर कोतवाली में शांति समिति की बैठक संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। जनपद** के थाना कोतवाली मुहम्मदाबाद अंतर्गत अंबेडकर जयंती के मद्देनजर स्थानीय कोतवाली परिसर में शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र प्रताप ने की, जिसमें आयोजन को सुचारु रूप से संपन्न कराने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान जयंती के अवसर पर निकलने वाले जुलूस के मार्ग, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की समीक्षा की गई। साथ



ही उपस्थित लोगों से सुझाव भी लिए गए, ताकि कार्यक्रम को बेहतर तरीके से आयोजित किया जा सके। इस बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, ग्राम प्रधान तथा विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस मौके पर चौकी प्रभारी अरविंद कुमार, उप निरीक्षक ईश्वर चंद्र त्रिपाठी , लल्लन बिंद सहित अन्य पुलिसकर्मी भी उपस्थित रहे। कोतवाली प्रभारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी नई परंपरा को लागू नहीं किया जाएगा और पूर्व से चली आ रही परंपराओं के अनुसार ही कार्यक्रम आयोजित होगा।

# मिशन शक्ति फेज-05 के अंतर्गत बालिकाओं को किया गया जागरूक

**सुलतानपुर पुलिस** अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं जागरूकता के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति फेज-05 (द्वितीय चरण) अभियान के अंतर्गत महिला थाना की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्तूरबा विद्यालय, विवेक नगर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।




कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को लघु फिल्म के माध्यम से विभिन्न सामाजिक एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। टीम द्वारा बालिकाओं को बताया गया कि वे किसी भी प्रकार की आपात स्थिति या उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त कर सकती हैं।इस अवसर पर बालिकाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिनमें साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930

वूमेन पावर हेल्पलाइन 1090

महिला हेल्पलाइन 181

आपातकालीन सेवा 112एंबुलेंस सेवा 102/108

चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 आदि शामिल हैं।

# शहर वासियों के भरोसे की जगी उम्मीद, राहगीरों की आवाजाही हुई सुगम

**सुल्तानपुर। फरियादियों** के बीच भरोसे की उम्मीद जगाते, व पुलिसिंग के तौर-तरीकों में बदलाव के साथ अब शहर को जाम मुक्त बनाने की नई बयार देखने को मिल रही है। वन वे होने से शहर जाम से मुक्त बनाने की पहल अब पुलिस अधीक्षक आईपीएस चारू निगम की कार्यशैली ने एक बार जिले में भरोसे की उम्मीद जगाई है आमजन की शिकायत पर शिथिल पडी पुलिसिया कर्यशैली पर ताबड़तोड़ कार्यवाही में माहिर पुलिस अधीक्षक चारु निगम अपने इसी कारनामे से गरीब जनता के दिल पर मजबूती पकड बना लिया है अभी हाल ही में थाने के थाना अध्यक्ष व सिपाहियों की कार्यशैली



से नाराज थाना अध्यक्ष सहित तीन पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर पुलिस अधीक्षक ने आम जनमानस को कडा संदेश दिया। संवेदनशील व्यवहार और अपराधियों के प्रति सख्त रवैये के कारण वह लगातार चर्चा में हैं।एसपी कार्यालय में अब फरियादियों के लिए बेहतर व्यवस्था दिखाई दे रही है। यहां तो यह भी बताना समीचीन होगा कि किसी भी थाने की अगर शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचती है ।

# हाइवे से गली-कूचों तक अपराध बेलगाम

**सुलतानपुर। जनपद** में कानून-व्यवस्था को लेकर हालात लगातार चिंताजनक होते जा रहे हैं। गांव-देहात, गली-कूचे और मोहल्लों के साथ-साथ अब हाइवे भी सुरक्षित नहीं रह गए हैं। ताजा मामला को अयोध्या-प्रयागराज हाइवे का है, जहां सरेशाम एक किराना व्यापारी से पिस्टल सटाकर लूट की वारदात को अंजाम दे दिया गया।

इस घटना ने न केवल पुलिस की सक्रियता पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि आम लोगों में भय का माहौल भी पैदा कर दिया है। खास बात यह है कि इससे महज छह दिन पहले लखनऊ-वाराणसी हाइवे पर एक ट्रक ड्राइवर की हत्या कर दी गई थी, जिसका मामला अभी पूरी तरह शांत भी नहीं हुआ था।जिले में नई



तैनाती के साथ ही ह्ललेडी सिंघमह्व की उपाधि पाने वाली आईपीएस अधिकारी की कार्यप्रणाली पर इन लगातार हो रही घटनाओं ने प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। अपराध नियंत्रण को लेकर सख्ती दिखाने के प्रयासों के बावजूद बदमाशों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं।बुधवार रात पुलिस कप्तान ने अपराध नियंत्रण को लेकर जनपद के सभी थानेदारों और चौकी प्रभारियों के साथ कई घंटे तक बैठक कर कड़े निर्देश दिए थे।

लेकिन विडंबना यह रही कि इस बैठक के 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि सरेशाम व्यापारी लूट का शिकार बन गया।यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले चार्ज संभालते ही बस स्टैंड के पास रोडवेज परिचालक से लूट की घटना हुई थी।

# विशेष पुनरीक्षण का कार्य हुआ पूरा वोटरलिस्ट का अंतिम प्रकाशन



**चित्रकूट।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में जनपद की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में विशेष पुनरीक्षण कार्य संपन्न करते हुए शुक्रवार को की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया गया। कलेक्टरेट सभागार में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर निर्वाचक नामावलियों की प्रति उपलब्ध कराई। बैठक में डीएम ने बताया कि विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बीती छह जनवरी को आलेख्य प्रकाशन के समय जनपद में कुल 6,37,956 मतदाता दर्ज थे। जिनमें से विधानसभा क्षेत्र 236 चित्रकूट के 3,31,713 तथा 237 मानिकपुर के 3,06,243 मतदाता शामिल थे। पुनरीक्षण के दौरान नए मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया में कुल 30,242 मतदाताओं की वृद्धि दर्ज की गई। जिसमें चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र में 14,909 तथा मानिकपुर में 15,333 नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए। अंतिम प्रकाशन के अनुसार अब जनपद में कुल मतदाताओं की संख्या बढ़कर 6,68,198 हो गई है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 236 चित्रकूट के 3,46,622 तथा 237 मानिकपुर के 3,21,576 मतदाता दर्ज किए गए हैं। नए आंकड़ों के अनुसार जनपद का जेण्डर रेशियों 822 है तथा जनपद में 18 से 19 आयु वर्ग के लगभग 9,179 मतदाता सम्मिलित है। बताया कि अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर आमजन के निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी, जिससे कोई भी नागरिक अपने नाम की पुष्टि कर सकता है।

इस मौके पर भाजपा के जिला महासचिव विपुल सिंह, बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सन्तोषी लाल शुक्ला, इण्डियन नेशनल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अमर पटेल, अपना दल (सोनेलाल) के जिला महसचिव कैलाश सिंह एवं कम्युनिष्ट पार्टी आफ इण्डिया के मण्डल सचिव रूद्र प्रताप मिश्र आदि मौजूद रहे।

# पॉलिथीन प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों पर होगा जुर्माना



**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी (न्याय) एवं प्रभारी अधिकारी, स्थानीय निकाय अरुण कुमार द्वारा नगर विकास एवं स्वच्छता से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर शुक्रवार को एक संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर क्षेत्र के भवनों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसके अनुसार कुल 11,162 भवन पालिका अभिलेखों में दर्ज हैं, जिनमें 10,957 आवासीय, 69 शासकीय एवं 136 व्यावसायिक भवन शामिल हैं। समीक्षा के दौरान यूजर चार्ज को टैक्स के साथ अनिवार्य रूप से वसूलने के निर्देश दिए गए। पॉलिथीन प्रतिबंध एवं स्वच्छता अभियान को सख्ती से लागू करते हुए उल्लंघन करने वालों पर जुमार्ना लगाने के लिए निर्देशित किया गया।

इसके साथ ही 15वें वित्त आयोग, मुख्यमंत्री नगरीय जन योजना, राज्य वित्त आयोग, बंधन योजना तथा पंडित दीनदयाल नगर विकास योजना के अंतर्गत संचालित निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई और सभी कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए नगर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत नगर के जीवीपी के विलोपन एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त कर वसूली में सुधार लाने, पॉलिथीन अभियान को प्रभावी बनाने तथा स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए गए।

अपर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर विकास एवं स्वच्छता से संबंधित सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए तथा जनसहभागिता बढ़ाते हुए स्वच्छ एवं विकसित नगर के लक्ष्य को प्राप्त किया जाए। बैठक में अधिशासी अधिकारी लाल जी, अधिशासी अधिकारी मानिकपुर भारत सिंह, एल.वी.सी. जग्गी लाल, डी.पी.एम. शिवा कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, कर निरीक्षक राहुल पांडेय, कंप्यूटर ऑपरेटर रामकुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रभागीय वनाधिकारी की अध्यक्षता में जिला गंगा, पर्यावरण एवं वृक्षारोपण समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

**जनपद में पर्यावरण संरक्षण के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध और नदियों के पुनरुद्धार पर दिया गया विशेष बल**

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभागीय वनाधिकारी उपनिदेशक टाइगर रिजर्व प्रत्यूष कटिहार की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति की संयुक्त समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन और आगामी वृक्षारोपण लक्ष्यों को लेकर कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए।

प्रभागीय वनाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़कों किनारे कूड़े के ढेर न लगाए जाएं। उन्होंने कूड़े के निस्तारण के लिए चिह्नित स्थलों एवं विकसित किए गए मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर्स का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने को कहा। वाल्मीकि आश्रम की स्वच्छता के लिए गठित विशेष समिति को सक्रिय कर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। जनपद की नदियों के पुनरुद्धार के संबंध में जानकारी लेते हुए उन्होंने तटवर्ती क्षेत्रों में सघन वृक्षारोपण पर बल दिया। जिला परियोजना प्रबंधक ने अवगत कराया कि नदियों के कायाकल्प की विस्तृत रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जा चुकी है।

पर्यावरण सुरक्षा के दृष्टिगत सिंगल यूज प्लास्टिक और थमाकोल से निर्मित उत्पादों के विरुद्ध सघन अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भारी जुमार्ना लगाया जाए ताकि इनका प्रचलन पूर्णतः बंद हो सके। प्रभागीय वनाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के 16 भू-भाग को वनाच्छादित करना है, के सापेक्ष लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी विभागाध्यक्षों को अपने निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया।

उन्होंने बताया कि जनपद में स्थापित 29 पौधशालाओं (नर्सरी) की गुणवत्ता का निरीक्षण करने के लिए अधिकारियों को प्रोत्साहित किया गया। जल संचयन की दिशा में उत्कृष्ट कार्य के लिए जनपद को मिले पिछले पुरस्कार का उल्लेख करते हुए उन्होंने इस वर्ष भी ट्रेंच विधि के माध्यम से अधिकतम जल संचयन कर पौधशालाओं को सिंचित करने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में प्रभागीय वनाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ पर्यावरण सुधार की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर अरविंद कुमार वर्मा, डीसी मनरेगा डीएन पाण्डेय, जिला परियोजना निदेशक सत्यपाल सिंह यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी देवेंद्र सिंह, आशीष रघुवंशी, अजीत सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मनाया गया विश्व होम्योपैथिक दिवस



अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी कार्यालय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ डॉ सेमुएल हैनिमैन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ दिलीप सिंह सहित अन्य चिकित्सकों ने वेबिनार के माध्यम से विभिन्न रोग में होम्योपैथिक चिकित्सा का प्रभाव विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस मौके पर डॉ शैलेन्द्र सिंह, डॉ राजेश कुमार, डॉ राजेश पांडेय, डॉ करिश्मा श्रीवास्तव, डॉ शशी केशरवानी, डॉ सौम्या शुक्ला आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं व स्थानीय निवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। शिविर में डॉ राजेश कुमार एवं डॉ प्रीती झा ने कुल 135 मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि वितरित की तथा ग्रीष्मऋतु के दृष्टिगत होने वाले रोगों के प्रति जागरूक करते हुए बचाव के तरीके बताएं।

# 12 वर्ष पुराने 3 ग्रामों की चकबन्दी पूर्णकर धारा 52 का प्रस्ताव प्रेषित

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मुख्यमंत्री द्वारा चकबन्दी प्रक्रिया के अन्तर्गत लम्बी अवधि से लंबित ग्रामों में अभियान चलाकर यथाशीघ्र चकबन्दी प्रक्रिया पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस क्रम में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के कुशल मार्गदर्शन एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) उप संचालक चकबन्दी अरुण कुमार के निर्देशन में वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद के 12 वर्ष पुराने 3 गांव मिजार्पुर, लठागुठऊपुर तथा महरुछ में चकबन्दी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए धारा 52 का प्रस्ताव चकबन्दी आयुक्त उत्तर प्रदेश लखनऊ को प्रेषित किया गया है। इन ग्रामों में चकबन्दी प्रक्रिया के दौरान सार्वजनिक प्रयोजन के लिए जैसे सामान्य आबादी, अनुसूचित जाति आबादी, प्राथमिक विद्यालय, अस्पताल, बारात घर, शमशान घाट, चारागाह, खेल का मैदान, अम्बेडकर पार्क, होलिका दहन इत्यादि के लिए 35.1299 हे. भूमि आरक्षित की गई। इसके अलावा सार्वजनिक उपयोगिता की 19.1094 हे. भूमि जो कृषकों के नाम अवैध रूप से दर्ज थी, को खारिज करके ग्राम सभा के नाम दर्ज करके ग्राम सभा को लाभ पहुँचाया गया।

जनपद में चकबन्दी प्रक्रिया त्वरित गति से चल रही है। तहसील मानिकपुर के 2 ग्राम खरौंध, ऐंचवारा व तहसील राजापुर से 1 ग्राम सिकरीसालिस में धारा 52 का प्रकाशन कराए जाने के लिए कार्यरत स्टाफ द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। इन ग्रामों का कार्य आगामी तीन माह में पूर्ण करके धारा 52 का प्रकाशन करा दिया जाएगा।

# प्राधिकरण सचिव ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कुशल मार्गदर्शन में शुक्रवार को जिला कारागार में इला चैधरी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिला कारागार में संचालित लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। जिसमें अनुरक्षित समस्त पंजिकाओं को देखा गया। समस्त पंजिकाओं की प्रवृष्टियां नियमानुसार अंकित पायी गईं। लीगल एड क्लीनिक में नियुक्त पैरालीगल वालेण्टियर्स को निर्देशित किया गया कि यदि कोई बन्दी अपने मुकदमें की पैरवी के लिए व्यक्तिगत अधिवक्ता करने में अक्षम है, तो नियमानुसार पत्राचार करते हुए अधीक्षक जिला कारागार के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से बन्दी के मुकदमें की पैरवी के लिए अधिवक्ता प्राप्त कर सकते हैं।

इसी क्रम में जिला कारागार में बन्दियों के हित में नशीली दवाओं, धूम्रपान एवं शराबखोरी का उन्मूलन विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव जिला विधिक द्वारा बताया गया कि शराब और नशीली दवाओं का सेवन उनके लिए, उनके परिवार, दोस्तों और पूरे समाज के लिए बेहद खतरनाक है। युवाओं में नशीली दवाओं और शराब का सेवन सड़क दुर्घटनाओं, हिंसा, आत्महत्या, शैक्षणिक असफलता और अन्य जोखिम भरे व्यवहारों से सीधे तौर प्रभावित करता है। नशे के सेवन से व्यक्ति का शारीरिक एवं आर्थिक नुकसान होता है।

कुलदीप सिंह सहायक लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल द्वारा बताया गया कि नशे के सेवन या दवाओं को असुरक्षित तरीके से उपयोग करने के कई शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को और भी बदतर बना सकता है। शराब के सेवन से लीवर रोग, हृदय रोग, मधुमेह, अल्सर और अन्य पाचन संबंधी समस्याएं, तथा नींद की समस्याएँ होती है। इसलिए हर व्यक्ति को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। बन्दियों के मध्य बताया गया कि ऐसे बन्दी जिनकी अपीलें उच्च न्यायालय में दाखिल करने में कोई कानूनी समस्या आती है, तो वे अधीक्षक जिला कारागार के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को आवेदन देकर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

इसी क्रम में महिला बैरक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला बैरक में 19 महिला बन्दी निरूद्ध पायी गईं। महिला बन्दियों से समस्याओं के बारें जानकारी प्राप्त की गयी। किसी महिला बन्दी द्वारा किसी प्रकार की समस्या से अवगत नहीं कराया गया।

सचिव इला चैधरी द्वारा आगामी 15 अप्रैल को होने वाली अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी के विषय में चर्चा की गयी। अधीक्षक जिला कारागार को पात्र बन्दियों का विवरण निर्धारित प्रारूप पर कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया। समिति द्वारा प्राप्त सूचना व आंकणों की समीक्षा की जाएगी।

इस अवसर पर कुश कुमार सिंह अधीक्षक जिलाकारागार, सुनील कुमार वर्मा जेलर, गुलाब सिंह यादव उपकारापाल, योगेन्द्र सिंह सहायक लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल आदि मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### पत्रकार लोकतंत्र के प्रहरी, गौमाता की सेवा ही परम धर्म : धीरज त्रिपाठी

**चित्रकूट।** विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा प्रकोष्ठ द्वारा धर्मनगरी के सीतापुर रैन बसेरा स्थित सत्संग भवन में ह्यपत्रकार सम्मान समारोहह्य का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के 100 पत्रकारों को सम्मानित करते हुए गौवंश संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में गौरक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष धीरज त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकार देश का चैथा स्तंभ हैं, जो समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य करते हैं। जनपद में गौवंशों की दयनीय स्थिति की चर्चा करते हुए उन्होंने पत्रकारों से इन समस्याओं को जिम्मेदार अधिकारियों तक पहुँचाने की अपील की, ताकि गौवंशों का संरक्षण हो सके। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने कहा कि इस धरा पर गौ-सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। सरकार गौ-संरक्षण पर कार्य कर रही है, लेकिन केवल सरकारी प्रयासों से बदलाव संभव नहीं है। इसके लिए आम जनता को भी जागरूक होना होगा और एक क्रांतिकारी कदम उठाना होगा। पत्रकार समाज कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष रामचंद्र तिवारी ने कहा कि सड़कों पर गौवंश की दुर्घटनाएं हृदयविदारक हैं। निराश्रित गौवंश केवल पराली खाकर जीवित रहने को मजबूर हैं। हमें युद्धस्तर पर कार्य कर उन्हें उचित आहार और सुरक्षा दिलानी होगी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को अपने घरों से यथासंभव भूसा, हरा चारा, खरी और चोकर का प्रबंध कर निराश्रित गौवंश की मदद करने की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर आशीष रघुवंशी, धीरेंद्र शुक्ला, जुगनू भाई (जल जंगल जमीन), शत्रुघन सिंह पटेल, धर्मेंद्र यादव, सुधीर मिश्रा, प्रकाश ओझा सहित समाजसेवी आदि मौजूद रहे।

### एसपी ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों एवं उपस्थित पुलिसकर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ, तत्पर और अनुशासन बनाए रखने के लिए विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए गए। स्वास्थ्य के लाभ के लिए परेड की दौड़ कराई गयी साथ ही साथ पासिंग आउट परेड की तैयारी का जायजा लेकर प्रतिसार निरीक्षक को सुधार के लिए निर्देशित किया गया तथा परेड में शामिल अधिकारी व कर्मचारीगण को अनुशासन, एकरूपता और कर्तव्यनिष्ठा के संबंध में बताया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवहन शाखा जाकर थानों से आई समस्त चार व दो पहिया वाहनों, 112 पीआरवी वाहन तथा परिवहन शाखा में रखे वाहनों का निरीक्षण कर प्रभारी परिवहन शाखा को वाहनों की कमियों को दूर करने के लिए निर्देशित किया गया तथा डायल 112 कार्यालय, आवास परिसर, आरटीसी बैरक, सीपीसी कैन्टीन, मंदिर, भोजनालय, ऑर्मरी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर अरविन्द कुमार वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक रामशीष यादव, प्रभारी आरटीसी शिवमूरत यादव व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### अपर पुलिस अधीक्षक ने ली पुलिस पेंशनर्स की बैठक

**चित्रकूट ।** अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में पुलिस पेंशनर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस पेंशनर्स की समस्याओं पर चर्चा की गई तथा अपने अनुभव और ज्ञान का उपयोग करके कानून व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग करने के लिए सभी पेशनर्स को कहा गया साथ ही वर्तमान समय में साइबर ठगों द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को जीवित प्रमाण पत्र, सीबीआई, ईडी, एटीएस के अधिकारी बनकर डिजिटल अरेस्ट कर साइबर ठगी का शिकार किया जा रहा है, जिससे बचने के लिए जागरूक किया गया। पेंशनर्स के लिए स्वास्थ्य बीमा योजनाओं की जानकारी दी गई व पेंशनर्स के लिए कानूनी सहायता या शिकायत निवारण तंत्र की जानकारी साझा की गयी। पेंशनर्स को अपनी समस्याएं और अनुभव साझा करने का अवसर भी दिया गया एवं उनके समस्याओं को नोट कर और उनके समाधान के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस बैठक के माध्यम से पुलिस पेंशनर्स के बीच सहयोग और संवाद को बढ़ावा देने का प्रयास किया, ताकि स्थानीय समस्याओं का समाधान किया जा सके।

### 25 तक करें आवेदन

**चित्रकूट।** जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. वैभव त्रिपाठी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए तहसील मऊ, मानिकपुर एवं राजापुर में प्रतियोगी परीक्षाओं नीट, जेईई एवं एक दिवसीय परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग में अध्यापन कार्य करने के लिए अनुभवी एवं कुशल विषय विशेषज्ञों की आवश्यकता है, जिसका चयन साक्षात्कार, ट्रायल, लेक्चर के माध्यम से किया जाएगा। नीट व जेईई से संबंधित विषय रसायन विज्ञान, जंतु विज्ञान, भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं गणित में एमएससी प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण अथवा एमबीबीएस, बीएएमएस, बीडीएस, एमटेक, बीटेक डिग्री धारित करने वाले अभ्यर्थी व्याख्याताओं के रूप में चयनित किए जाएंगे। किसी ख्याति प्राप्त कोचिंग संस्थान के तीन वर्ष अनुभवी अध्यापक को वरीयता दी जाएगी, एक दिवसीय परीक्षा के शिक्षकों के लिए किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री प्राप्त एवं एसएससी या अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कम से कम दो वर्षों का शिक्षक अनुभव होना चाहिए। शिक्षण कार्य के लिए इच्छुक अभ्यर्थी अद्यतन बायोडाटा सहित समस्त अभिलेखों की स्वप्रमाणित छाया प्रति जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय अथवा जिला पुस्तकालय कर्वी में स्थित अभ्युदय कोचिंग केंद्र में 25 अप्रैल तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

### त्रिस्तरीय पंचायतों की वोटरलिस्ट का 22 अप्रैल को होगा अंतिम प्रकाशन

**चित्रकूट ।** जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं नगरीय निकाय पुलकित गर्ग ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशन क्रम में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का समय सारणी के अनुसार वृहद पुनरीक्षण संपन्न कराए जाने की सूचना है। जिसमें मतदाता सूचियों की कंप्यूटरीकरण के बाद मतदान केंद्र स्थलों का क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, एसबीएन आवंटन, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग फोटो प्रतियां आदि कार्य आगामी 21 अप्रैल तक होगें। निर्वाचक नामावलियों का जन सामान्य के लिए अंतिम प्रकाशन आगामी 22 अप्रैल निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के संशोधित पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रदर्शित किया जाएगा। निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के दौरान होने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे तथा निर्धारित समय सारणी के अनुसार निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जाएगा।

# भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने स्थापना दिवस पर दिया धरातल काम करने का संदेश

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** जनपद की कर्वी विधानसभा के नगर स्थित चितरा गोकुलपुर वार्ड संख्या 1 में एक अलग तरह की राजनीति का दृश्य देखने को मिला, जहां भाषणों की जगह बच्चों के साथ बैठकर खिचड़ी खाने का संदेश ज्यादा असरदार साबित हुआ।

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे ग्राम-बस्ती सम्पर्क अभियान के दौरान जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालय पहुंचकर नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद स्थापित किया।

यह महज एक औपचारिक दौरा नहीं था, बल्कि एक प्रतीकात्मक पहल थी। सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत को परखने और समाज को विश्वास दिलाने की। मिड-डे मील योजना के अंतर्गत बच्चों को परोसी जा रही तहरी का स्वाद लेकर उन्होंने न केवल भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और व्यवस्था का निरीक्षण किया, बल्कि यह भी संदेश दिया कि सरकार की योजनाएं कागजों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि बच्चों के भविष्य को संवारने का वास्तविक माध्यम बन रही हैं।

उन्होंने विद्यालय की रसोइयों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि जो बच्चों के पोषण और शिक्षा के बीच पुल का काम करता है। उनका सम्मान स्वभावित है।

इस पूरे आयोजन ने एक व्यापक सामाजिक संदेश भी दिया कि शिक्षा केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक सहभागिता का विषय है। जिलाध्यक्ष का अभिभावकों से यह आग्रह कि वे अपने बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन सरकारी विद्यालयों में कराएं, सीधे तौर पर उस विश्वास को पुर्नस्थापित करने की कोशिश है जो समय के साथ कमजोर पड़ा था।

जनपद की इस पहल ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जब राजनीति संवेदनशीलता के साथ जुड़ती है, तो वह केवल सत्ता का साधन नहीं रहती, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बन जाती है। यह एक ऐसा सूर्योदय है, जो संकेत देता है कि विकास की रोशनी अब गांव-गांव व स्कूल-स्कूल तक पहुंच रही है।

# पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण व बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर लाखन सिंह के मार्गदर्शन में 1. उ0नि0 नरेन्द्र यादव मय हमराह आरक्षी शुभम मिश्रा द्वारा अभियुक्त बाबूलाल पुत्र चोकरा निवासी रुपौली थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को 20 अदद क्वार्टर देशी नाजायज शराब 2. उ0नि0 परशुराम पाण्डेय मय हमराह आरक्षी विमलेश द्वारा अभियुक्त रामराज निषाद पुत्र गजाधर प्रसाद निवासी बराछी थाना मऊ जनपद चित्रकूट को 18 अदद क्वार्टर देशी नाजायज शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना राजापुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# वृहद पुनरीक्षण कार्य हुआ पूर्ण, तहसीलों में वोटरलिस्ट चेक कर सकते हैं वोटर

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया गया, जिसमें 237 मानिकपुर विधानसभा में निर्वाचक रजिस्ट्रीकारण अधिकारी राम ऋषि रमन, 47 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकारण अधिकारी, 43 सुपरवाइजर एवं 436 बूथ लेबल अधिकारियों द्वारा अथक परिश्रम करते हुए, वृहद पुनरीक्षण कार्य को सफल बनाया गया। बीती 6 जनवरी को आलेख प्रकाशन के बाद फॉर्म 6 के माध्यम से प्राप्त आवेदन से 13029 नए नाम जोड़े गए, फॉर्म 7 के माध्यम से 1473 अपात्र मतदाता के नाम विलोपित किए गए तथा फॉर्म 8 के माध्यम से प्राप्त आवेदन 2578 मतदाताओं की प्रविष्टि में सुधार किया गया। जिसके बाद बुधवार को अंतिम रूप से मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया, जिसमें 176658 पुरुष तथा 144914 महिला एवं 4 तृतीय लिंग के मतदाता इस प्रकार कुल 321576 मतदाता मतदाता सूची में विद्यमान हैं। मतदाता सूची जन सामान्य के निरीक्षण के लिए प्रत्येक बूथ और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय के साथ संबंधित तहसील में उपलब्ध हैं, जिसे किसी कार्य दिवस में निरीक्षण किया जा सकता है। यदि किसी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल होने से रह गया हो, त्रुटिवस किसी का नाम डबल अंकित रह गया हो या मतदाता पहचान पत्र में किसी प्रकार का त्रुटि सुधार किया जाना अपेक्षित हो तो किसी भी कार्य दिवस में अपने बीएलओ से मिलकर आवेदन कर सकते हैं जिसका तत्काल निराकरण किया जाएगा।

# भारत ने ट्रंप से लिया बड़ा बदला! जीती जंग..बर्बाद कर डाला डॉलर!

**अमेरिका**

**नीति** सही हो इरादे मजबूत हो और नियत साफ हो तो दुनिया की कोई भी ताकत आपको नहीं हरा सकती और यह बात भारत कई मौकों पर साबित कर चुका है। जिसने भी भारत को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की उनको भारत ने भी ऐसा जवाब दिया कि जो इतिहास में दर्ज हो गया। ऐसा ही कुछ अब भारत ने अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के साथ भी किया है। जो ट्रंप भारत पर भारीभरकम टेरिफ लगाकर यह सोच रहे थे कि वो उनके आगे झुक जाएगा और रूस से रिश्ते तोड़ लेगा। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। बल्कि भारत ने भी मजबूती के साथ ऐसा उल्टा दांव मारा कि टेरिफ से भी कई गुना ज्यादा अमेरिका को नुकसान हो गया। आपको बताऊंगा कि भारत ने बिना किसी युद्ध लड़े कैसे ट्रंप से बड़ी जंग जीत ली। साथ ही बताऊंगा कि भारत ने ट्रंप से टेरिफ का क्या बदला लिया है कि जिसने पूरे अमेरिका को हिला दिया है और आखिर में बताऊंगा कि भारत ने कैसे अमेरिका को बड़ा झटका देते हुए उसकी अर्थव्यवस्था को करीब ?4 लाख करोड़ का नुकसान पहुंचा दिया। दरअसल भारत से पंगा लेने वाले ट्रंप यह भूल गए थे कि भारत समय के साथ उन्हें ऐसी पटकनी देगा कि जिसके बारे में उन्होंने कभी सोचा भी नहीं होगा। विकसित देश अमेरिकी बॉन्ड और डॉलर को सुरक्षित ठिकाना मानते हैं। अक्टूबर 2024 से अक्टूबर 2025 के बीच विकसित देश अमेरिकी सरकारी बॉन्ड्स और डॉलर खरीद रहे हैं। जापान, जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन इनमें पूंजी लगा रहे हैं। वहीं भारत, चीन और ब्राजील जैसे ब्रिक्स देश इनमें दूरी बना रहे हैं। पिछले 1 साल में भारत, चीन और ब्राजील ने अमेरिकी बॉन्ड में निवेश 183 अरब डॉलर घटाया है। भारत के पास अक्टूबर 2025 में 190.7 अरब डॉलर कीमत के अमेरिकी बोंड्स थे। जबकि अक्टूबर 2024 में यह आंकड़ा 241.4 अरब डॉलर का था। यानी कि इसमें 40% की भारी गिरावट आई है। ग्लोबल फॉरेक्स रिजर्व में डॉलर की हिस्सेदारी गिरी है। 5 साल में ही इसमें 18% की गिरावट आई है। आंकड़े बता रहे हैं कि भारत का अमेरिका की ट्रेजरी में निवेश



तेजी से नीचे आ रहा है। महज एक साल के भीतर ही इसमें 21% की गिरावट दिख रही है। इससे अमेरिकी अर्थव्यवस्थाओं करीब ?4.5 लाख करोड़ का नुकसान हुआ है। यह देश की विदेश मुद्रा भंडार की प्रबंधन रणनीति में बदलाव की ओर सीधा इशारा कर रहा है। सरकार ने ग्लोबल इकॉनमी में आ रहे आर्थिक और भू राजनीतिक बदलाव के बीच यह रणनीति अपनाई है।

इसका मकसद भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूती लाना और ग्लोबल इकॉनमी में आ रहे उतार-चढ़ाव से बचना है। भारत की नीति साफ है कि डॉलर पर निर्भरता घटाकर एक मजबूत संतुलित विदेशी भंडार प्रणाली बनाना है। वृक्ष देश भी इस रणनीति के तहत अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता घटा रहे हैं।

## हथियार दिए तो लगेगा 50% टैरिफ



**ईरान**

**पश्चिम** एशिया में ईरान के साथ चल रहे संघर्ष में दो सप्ताह के लिए द्विपक्षीय युद्धविराम की घोषणा के कुछ घंटों बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को ईरान को सैन्य हथियार आपूर्ति करने वाले किसी भी देश के खिलाफ चेतावनी जारी करते हुए कहा कि वे संयुक्त राज्य अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले सभी सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे। ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रम्प ने कहा कि यह उपाय "तत्काल प्रभाव से" लागू होगा और इसमें कोई "छूट या अपवाद" नहीं होगा। उनके पोस्ट में लिखा था, ईरान को सैन्य हथियार आपूर्ति करने वाले किसी भी देश पर संयुक्त राज्य अमेरिका को बेचे जाने वाले सभी सामानों पर तत्काल प्रभाव से 50% टैरिफ लगाया जाएगा। इसमें कोई छूट या अपवाद नहीं होगा!

ट्रम्प ने इससे पहले कहा था कि ईरान समझौते के तहत यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम को रोकने पर सहमत हो गया है, साथ ही यह भी कहा कि ईरान पर टैरिफ और प्रतिबंधों में राहत देने के संबंध में बातचीत चल रही है।

ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि ईरान में हुए अत्यंत सफल सत्ता परिवर्तन के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका ईरान के साथ करीबी सहयोग करेगा। ट्रंप ने आगे संकेत दिया कि एक व्यापक समझौते के कई पहलुओं को अंतिम रूप दे दिया गया है, जिससे वाशिंगटन और तेहरान के बीच चल रही बातचीत का संकेत मिलता है। पोस्ट में लिखा था, संयुक्त राज्य अमेरिका ईरान के साथ मिलकर काम करेगा, जिसके बारे में हमने पाया है कि उसने एक अत्यंत सफल सत्ता परिवर्तन किया है! यूरेनियम संवर्धन नहीं होगा, और संयुक्त राज्य अमेरिका ईरान के साथ मिलकर गहराई में दबे (बी-2 बमवर्षकों द्वारा दागे गए) परमाणु अवशेषों को खोदकर हटाएगा। यह अब और पहले से ही अत्यंत कड़ी उपग्रह निगरानी (स्पेस फोर्स!) के अंतर्गत है। हमले की तारीख से किसी भी चीज को छुआ नहीं गया है। हम ईरान के साथ टैरिफ और प्रतिबंधों में राहत के बारे में बात कर रहे हैं और करते रहेंगे। 15 बिंदुओं में से कई पर पहले ही सहमति बन चुकी है। ट्रंप ने ईरान पर बमबारी और हमले का अभियान रोक दिया है, दो सप्ताह के लिए दोतरफा युद्धविराम की घोषणा की है और कहा है कि ईरान का 10 सूत्री प्रस्ताव व्यावहारिक है। ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि 10 सूत्री प्रस्ताव स्थायी समझौते के लिए बातचीत का आधार बनेगा, साथ ही उन्होंने दोहराया कि अमेरिका ने अपने अधिकांश सैन्य लक्ष्य हासिल कर लिए हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के साथ हुई बातचीत के आधार पर, जिसमें उन्होंने मुझसे आज रात ईरान पर भेजे जा रहे विनाशकारी बल को रोकने का अनुरोध किया था, और इस शर्त पर कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह, तुरंत और सुरक्षित रूप से खोलने पर सहमत हो जाए, मैं दो सप्ताह की अवधि के लिए ईरान पर बमबारी और हमले को रोकने पर सहमत हूं।

# ईरान बोला शुक्रिया भारत, पाकिस्तान पर भड़का यूएई

**ईरान**

**सीजफायर** के महज 24 घंटे के अंदर भारत ने वो कर दिखाया जिसने पाकिस्तान की नींद उड़ा दी है। जी हां, पाकिस्तान ने सीज फायर कराया। यह कहना है पाकिस्तानियों का। लेकिन अमेरिका ईरान के बीच दो हफ्ते का यह जो सीज फायर हुआ है, हॉर्मोज स्टेट पर जो तनाव थमा है, दुनिया ने जो राहत की सांस ली है, ठीक उसी वक्त भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर अचानक संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई के दो दिवसीय दौरे 11 से 12 अप्रैल 2026 पर जा रहे हैं। पाकिस्तान की सांसे फूली हुई है। लेकिन इस बीच ईरान के सुप्रीम लीडर के भारत में प्रतिनिधि डॉक्टर अब्दुल माजिद हकीम इलाही ने दिल्ली में



बैठकर अमेरिका ईरान सीज फायर पर ऐसा ऐलान कर दिया बयान दे दिया कि पाकिस्तान अमेरिका दोनों के होश उड़ गए। उन्होंने साफ कह दिया कि अमेरिका खुद चाहता था सीज फायर कराना। हमने कुछ नहीं कहा। लेकिन इस ईरान को कोई नहीं हरा सकता है और पाकिस्तान वह तो पहले से ही टेंशन में था।

यूएई ने अपना $3.5 अरब डॉलर करीब ?29,000 करोड़ का पुराना कर वापस मांग लिया। तुरंत दो। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था जो सालों से यूएई के एहसानों यूएई की गुलामी करके टिकी हुई थी। आज वही यूएई उसे बेचारा जरूरतमंद बता रहा है। यानी पैसा भी दो और गाली भी सुनो। पाकिस्तानी नेता मुशाहिद हुसैन सैयद टीवी पर बैठकर यूएई का मजाक उड़ाते दिखे भारत के खिलाफ अखंड भारत का डर भी दिखा रहे थे। डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर सीज फायर का ऐलान कर दिया। अब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने मध्यस्था की। ऐसा उन्होंने कहा। अब ईरान को हॉर्म स्टेट खोलने की शर्त रखी गई है। दुनिया ने राहत की सांस जरूर ली है और ठीक 24 घंटे बाद भारत का विदेश मंत्रालय बयान जारी करता है कि विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर 11 से 12 अप्रैल 2026 को यूएई जा रहे हैं आधिकारिक यात्रा पर। एमए का बयान साफ था कि दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग की समीक्षा होगी।

ईरानी हमलों में यूएई को सबसे बड़ा नुकसान हुआ। तेल सुविधाएं, जहाज, अर्थव्यवस्था सब प्रभावित हुई। अब सीज फायर हुआ है तो यूई को लग रहा है कि वह ठगा गया है क्योंकि हॉर्न स्टेट अभी भी पूरी तरह से नहीं खुला है। सच्चाई है ये।

## ईरान के Ceasefire प्लान को ओमान से बड़ा झटका




**अमेरिका**

**तेहरान** की 10 सूत्री मांगों से बिल्कुल उलट, जिन पर अमेरिका और ईरान 14 दिन के युद्धविराम पर सहमत हुए थे, ओमान ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए पारगमन शुल्क लगाने की कोई योजना नहीं है। यह घटना ईरान द्वारा अमेरिका को दी गई मांगों की सूची में ओमान के साथ संयुक्त शुल्क लगाने का प्रावधान शामिल करने के कुछ घंटों बाद हुई है। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, ओमान के परिवहन मंत्री सईद बिन हमूद बिन सईद अल मावली ने कहा कि हमने उन सभी समुद्री परिवहन समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं जिनमें होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने पर कोई शुल्क नहीं लगाने का प्रावधान है। मंत्री ने पुष्टि की कि ओमान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर शुल्क लगाने से रोकने के लिए समझौते किए हैं।

एक क्षेत्रीय अधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित दो सप्ताह के युद्धविराम के तहत, ईरान और ओमान दोनों को जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर शुल्क लगाने की अनुमति दी जा सकती है। ईरान द्वारा इस राजस्व का उपयोग पुनर्निर्माण कार्यों के लिए किए जाने की उम्मीद है, हालांकि परंपरागत रूप से इस जलडमरूमध्य को बिना पारगमन शुल्क वाला एक अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग माना जाता रहा है।


ओमान और ईरान के क्षेत्रीय जलक्षेत्र में स्थित 34 किलोमीटर लंबी होर्मुज जलडमरूमध्य को ऐतिहासिक रूप से एक अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग माना जाता रहा है, जिस पर दोनों देशों द्वारा कोई शुल्क नहीं लगाया जाता है। तेहरान के अधिकारियों ने संकेत दिया है कि एकत्रित की गई धनराशि का उपयोग युद्ध के बाद के पुनर्निर्माण में किया जाएगा, क्योंकि चल रहे ।

## कुवैत-यूएई पर ड्रोन अटैक, क्या कुछ घंटे में ही टूट गया युद्धविराम, ईरान में भी बड़ा धमाका

**ईरान**

**मध्य** पूर्व में जारी संघर्ष में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को ईरान में दो सप्ताह के लिए शत्रुता विराम की घोषणा की। उन्होंने कहा कि तेहरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को तुरंत फिर से खोलने पर सहमति जताने के बाद उन्होंने बमबारी और सैन्य अभियानों को निलंबित करने का आदेश दिया है। ट्रम्प ने आगे दावा किया कि ईरान में सभी प्रमुख सैन्य लक्ष्य हासिल कर लिए गए हैं और खुलासा किया कि अमेरिका को ईरान से 10 सूत्री प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिसमें पहले के सभी विवादित मुद्दों का समाधान किया गया है। ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर पोस्ट किया कि मैं ईरान पर बमबारी और हमले को दो सप्ताह के लिए स्थगित करने पर सहमत हूँ। यह दोतरफा युद्धविराम होगा! इसका कारण यह है कि हमने सभी सैन्य उद्देश्यों को पूरा कर लिया है और उनसे आगे भी बढ़ चुके हैं, और ईरान के साथ दीर्घकालिक शांति और मध्य पूर्व में शांति से संबंधित एक निर्णायक समझौते की दिशा में हम काफी आगे बढ़ चुके हैं। हमें ईरान से 10 सूत्री प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, और हमारा मानना है कि यह बातचीत के लिए एक व्यावहारिक आधार है। अमेरिका और ईरान के बीच पहले के लगभग सभी विवाद के मुद्दों पर सहमति बन चुकी है, लेकिन दो सप्ताह की अवधि समझौते को अंतिम रूप देने और उसे लागू करने में सहायक होगी।

गौरतलब है कि इजराइल भी युद्धविराम का हिस्सा है और उसने ईरान पर सभी हमले रोकने पर सहमति जताई है, सीएनएन ने व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के हवाले



से यह खबर दी। इस बीच, ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने दो सप्ताह के युद्धविराम पर सहमति जताते हुए इसे मौजूदा संघर्ष में एक जीत बताया। कुवैत की सेना ने कहा है कि उसने युद्धविराम की घोषणा के बावजूद तेल और बिजली संयंत्रों को निशाना बनाकर किए गए ड्रोन हमलों की "व्यापक लहर" का जवाब दिया है। सेना ने बताया कि बुधवार सुबह 8 बजे से तेल समृद्ध कुवैत को निशाना बनाने वाले 31 ड्रोनों को मार गिराया गया। इन हमलों से तेल और बिजली संयंत्रों के साथ-साथ जल विलवणीकरण संयंत्रों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। ईरान के सरकारी टेलीविजन के मुताबिक, बुधवार को युद्धविराम की घोषणा के कुछ घंटों बाद ईरान के लावन द्वीप पर स्थित एक तेल रिफाइनरी पर हमला हुआ। रिपोर्ट में बताया गया कि हमला सुबह 10 बजे हुआ। दमकलकर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन कोई घायल नहीं हुआ। हमले का कारण स्पष्ट नहीं किया गया।

वही, ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी ने लावन रिफाइनरी में विस्फोट की खबर दी। ईरान के लावन आईलैंड पर एक तेल रिफाइनरी में बड़ा धमाका हुआ है। सीजफायर के बाद ईरान में धमाके की ये पहली घटना है।

# ईरान का भविष्य हमारे हाथों में है- हेगसेथ

**अमेरिका**

**अमेरिका** और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम पर सहमति बनने के कुछ घंटों बाद, युद्ध सचिव पीट हेगसेथ ने कड़े बयान जारी करते हुए कहा कि अमेरिकी नेतृत्व ने संघर्ष में स्पष्ट बढ़त हासिल कर ली है। उनके ये बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अचानक युद्धविराम की घोषणा के बाद वैश्विक स्तर पर मची गहन जांच के बीच आए। पेंटागन में एक ब्रीफिंग में बोलते हुए, हेगसेथ ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने इस भीषण संकट के समय में एक अभूतपूर्व कदम उठाया है। हेगसेथ ने आगे कहा कि युद्धविराम से ठीक पहले



के अंतिम कुछ घंटों में राष्ट्रपति ट्रंप के फैसलों ने 'इतिहास रच दिया' और युद्ध की दिशा बदल दी।

ईरान का भविष्य हमारे हाथों में है

अपने सबसे मुखर बयानों में से एक में अमेरिकी युद्ध सचिव ने घोषणा की कि ईरान का भविष्य हमारे हाथों में है यह संकेत देते हुए कि युद्धविराम पर सहमति के बावजूद वाशिंगटन के पास रणनीतिक और सैन्य शक्ति बनी हुई है। उन्होंने दावा किया कि युद्धविराम से पहले ही अमेरिका ने युद्धक्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली थी। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिकी सेनाओं ने एक निर्णायक सैन्य विजय प्राप्त की थी जिसने प्रशासन को मजबूत स्थिति से बातचीत करने का आत्मविश्वास दिया।

ईरान कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं करेगा

वाशिंगटन के दृढ़ रुख को दोहराते हुए, हेगसेथ ने दावा किया कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं कर पाएगा। उन्होंने कहा कि युद्धविराम की शर्तें अमेरिका के दीर्घकालिक सुरक्षा उद्देश्यों के अनुरूप थीं।

## यूएई ने मिसाइलों का नया जत्था रोका, युद्धविराम के बाद पहली बार जहाज होर्मुज से गुजरे

**यूएई**

**लेबनानी** राष्ट्रपति ने युद्धविराम का स्वागत किया, कहा क्षेत्रीय शांति सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं, जिसमें लेबनान भी शामिल है। लेबनानी राष्ट्रपति जोसेफ औन ने बुधवार को अमेरिका और ईरान के बीच हुए दो सप्ताह के युद्धविराम समझौते का स्वागत किया। एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, औन ने कहा कि बेरूत "क्षेत्रीय शांति में लेबनान को स्थिर और स्थायी रूप से शामिल करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।" यह तब हुआ जब इजरायली राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इस युद्धविराम में उनके देश का लेबनानी आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह के साथ संघर्ष शामिल नहीं है।

अमेरिका-ईरान युद्ध के लाइव अपडेटः एसोसिएटेड प्रेस के अनुसार, सरकारी टेलीविजन ने बताया कि बुधवार को ईरान के लावन द्वीप स्थित एक तेल रिफाइनरी पर हमला हुआ। यह हमला अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा के कुछ घंटों बाद हुआ।

# ईरान के बाद इजरायल के निशाने पर भारत का दुश्मन? लॉक हो गया टारगेट!

**पाकिस्तान**

**महायुद्ध** में सीजफायर का ऐलान हुआ। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यहां पर यह उठ गया है क्या इजराइल का अगला टारगेट पाकिस्तान है? महायुद्ध 40 दिन तक चला। पूरा मिडिल ईस्ट बर्बाद होता रहा, तबाह होता रहा और हर तरफ बारूदी गंध फैली नजर आई। लेकिन इस बीच बहुत बड़ा दावा पाकिस्तान की तरफ से किया गया और वो दावा था मध्यस्थता को लेकर। डॉनल्ड ट्रंप ने पोस्ट भी किया। पाकिस्तान ने वहां क्रेडिट लेने की कोशिश की। लेकिन इस क्रेडिट की लड़ाई में पाकिस्तान को बहुत बड़ा झटका लगा है। दरअसल पाकिस्तान की तरफ से जो ऐलान किया गया था सीज फायर को लेकर उसमें यह भी दावा किया गया पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की तरफ से कि यह सीज फायर लेबनान पर भी लागू होगा। दरअसल उनके शब्द कुछ यूं थे कि जितने भी एलआई हैं यूएस के और या फिर ईरान के उन हर मोर्चों पर कोई भी हमला नहीं किया जाएगा

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस सीज फायर से फूले नहीं समा रहे थे। क्रेडिट लेने की होड़ में लड़े हुए थे, लगे हुए थे। इसी बीच उनको झटका दिया उनके सबसे बड़े दुश्मन यानी कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तरफ से। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के दावे को झुठलाते हुए, खारिज करते हुए, इंकार करते हुए उनको आईना दिखाते हुए बेंजामिन नेतन्याहू ने बता दिया कि



इजराइल अपना ऑपरेशन लेबनान में बिल्कुल भी नहीं रोकेगा। यानी पाकिस्तान के पहले दावे पर ही गलत की मोहर यहां पर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तरफ से लगा दी गई। इजराइल को पाकिस्तान ने आज तक भी एक देश के तौर पर मान्यता नहीं दी है। इजराइल के प्रधानमंत्री समेत तमाम नेताओं की तरफ से कई मौकों पर अलग-अलग मंचों पर ये कहा गया है कि उनका अगला टारगेट पाकिस्तान है। पाकिस्तान एक ऐसा मुस्लिम देश है जिसके पास न्यूक्लियर पावर है। न्यूक्लियर हथियार है।

ईरान न्यूक्लियर हथियार डेवलप कर रहा था। एनरच यूरेनियम 60% से 90% तक ले जाता। उससे पहले ही इजराइल ने अमेरिका के साथ मिलकर ईरान को वहां पर पूरी तरह से बराबर कर दिया, समतल कर दिया। यह लगातार दावा किया जा रहा है और अब अगले काफी वक्त तक ईरान न्यूक्लियर पावर बनने की कोशिश में कामयाब नहीं हो पाएगा। यह माना जा रहा था। और उसके बाद ईरान के बाद पाकिस्तान इजराइल के लिए दूसरा बड़ा टारगेट था और ना सिर्फ इजराइल के लिए बल्कि अमेरिका के लिए भी एक थ्रेट के तौर पर पाकिस्तान हाल फिलहाल में उभरा है।

तुलसी गबार्ड यानी कि इंटेलिजेंस चीफ की तरफ से भी बात का जिक्र कुछ ही दिन पहले किया गया था कि पाकिस्तान की मिसाइल रेंज जो है वो थ्रेट हो सकती है और उसका परमाणु हथियार होना एक और बड़ा खतरा भी है। ऐसे में अब इजराइल का नेक्स्ट टारगेट जो है वो लॉक हो गया है। और डॉनल्ड ट्रंप भले इस बात का जिक्र कर रहे थे कि यह मध्यस्था हुई है। यहां पर सीज फायर किया गया है। लेकिन इजराइल ने साफ कर दिया कि वो अपना ऑपरेशन लेबनान में नहीं रोकेगा।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा